हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 30.07.2026 ● वर्ष : 17 ● अंक : 09 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902



एक नजर

## घर के सामने डाली मिट्टी से सड़क बनी तालाब, जलजमाव से ग्रामीण परेशान



**चौपारण :** प्रखंड के भगहर गांव में घर के सामने मिट्टी डाले जाने के कारण सड़क पर जलजमाव और कीचड़ की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क के दोनों किनारों पर पानी जमा रहने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और राहगीरों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हल्की बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हो रही है। वहीं फिसलन के कारण दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी बना हुआ है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर प्रशासन को भेजा है और स्थल का निरीक्षण कर अविलंब मिट्टी हटाने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई करते हुए सड़क को आवागमन योग्य बनाने की मांग की है, ताकि लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

## जेपीएससी-जेएसएससी विवाद को लेकर पदयात्रा एवं 6 को होगा विधानसभा घेराव : राहुल



**बड़कागांव:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बड़कागांव प्रखंड संयोजक राहुल कुमार ने जेपीएससी एवं जेएसएससी की विवादित परीक्षाओं को लेकर छात्रों के समर्थन में आंदोलन की घोषणा की है। राहुल कुमार ने बताया कि 29 जुलाई 2026 को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा का उद्देश्य छात्रों की मांगों को सरकार तक पहुंचाना तथा विवादित परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच की मांग को मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी एवं जेएसएससी की विवादित परीक्षाओं की सीबीआई से जांच कराई जाए तथा अनियमितताओं से प्रभावित परीक्षाओं को रद्द कर पुनः पारदर्शी तरीके से आयोजित किया जाए। उनका कहना है कि राज्य के हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है और सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसी क्रम में 6 अगस्त 2026 को झारखंड विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने छात्रों एवं युवाओं से बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की।

## एक सप्ताह से पति लापता, पत्नी परेशान थाना में दिया आवेदन

**बड़कागांव :** पति के लापता होने पर पत्नी परेशान व हैरान है। मामले को लेकर पत्नी काजल कुमारी ग्राम कांडतरी थाना बड़कागांव निवासी ने कहा कि मेरे पति ब्रजेश कुमार कुशवाहा मानसिक रूप से बीमार होने के कारण 21 जुलाई 2026 को करीब 12:00 दिन में अपने घर से बाहर निकले । जो अब तक घर वापस नहीं लौटे हैं। जिनका हुलिया इस प्रकार है :- उम्र 33 वर्ष, लंबाई 5 फीट 7 इंच , रंग सांवला एवं सर्ट जिंस पैंट पहने हुए हैं। मैंने अपने स्तर से आस-पास , रिश्तेदारों आदि क्षेत्रों में काफी खोजबीन किया पर नहीं मिले। मेरे दो पुत्र हैं। इसकी सूचना मैंने 28 जुलाई को बड़कागांव थाने में भी दी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि किन्हीं को पता चले या मिले तो कृपा कर मेरे इस मोबाइल नंबर 8252051124 पर सूचना करें।

# गोंदलपुरा खनन परियोजना: 53 युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी, 7 को सरकारी सेवा में मिली सफलता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** अदाणी फाउंडेशन की ओर से गोंदलपुरा खनन परियोजना के अंतर्गत परियोजना प्रभावित गांवों के युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार सार्थक पहल की जा रही है। फाउंडेशन का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार योग्य बनाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना तथा क्षेत्र में सतत सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में कौशल विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं।अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से संचालित डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत अब तक 510 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 53 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि स्थानीय युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने की दिशा में फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। वहीं, बेल्टफोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित 40 युवाओं में से 7 युवाओं ने सरकारी नौकरियों में सफलता हासिल की है। यह कार्यक्रम युवाओं को रक्षा एवं अन्य सरकारी सेवाओं में करियर बनाने के लिए तैयार करने में प्रभावी साबित हो रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। तीन महिला अभ्यर्थियों ने फायर फाइटिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया, जिससे उनके तकनीकी कौशल और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त परियोजना प्रभावित परिवारों के 6 युवाओं को सिंगरौली में सुरक्षा गार्ड के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वहीं 2 युवाओं को राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला, जिससे उनके पेशेवर कौशल में और अधिक निखार आया। ड्राइविंग स्किल डेवलपमेंट पहल के तहत 20 परियोजना प्रभावित व्यक्ति अभ्यर्थियों ने लाइट मोटर व्हीकल एवं हेवी मोटर व्हीकल प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किया है। इससे परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उनके रोजगार के नए अवसर खुले हैं। स्थानीय युवाओं को विभिन्न कंपनियों से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित रोजगार मेले में 405 युवाओं ने भाग लिया था, जहां उन्हें विभिन्न नियोक्ताओं से संवाद करने और रोजगार के अवसर तलाशने का मंच उपलब्ध कराया गया।

## ईगुनिया विद्यालय में 75 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल, विधायक ने किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड की पडरिया पंचायत स्थित उच्च विद्यालय ईगुनिया में बुधवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कक्षा आठ के 75 छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरकार की साइकिल योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि दूरी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ा माध्यम है, जिससे समाज और परिवार दोनों का विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने विद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने सभी जायज मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री अरविंद सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का संगठन विस्तार, सतेन्द्र शर्मा बने प्रदेश अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की प्रदेश इकाई ने संगठन विस्तार करते हुए दो महत्वपूर्ण मनोनयन किया है। बरही डीवीसी कोनरा निवासी सतेन्द्र कुमार शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, (शिक्षा प्रकोष्ठ )एवं मिथलेश कुमार सिंह को प्रदेश महासचिव(शिक्षा प्रकोष्ठ) के पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के राष्ट्रीय कल्याण सचिव बिपिन बिहारी पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश सचिव हीरामन साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि शंकर कुमार, प्रदेश कल्याण सचिव दिलीप गुप्ता एवं बरही अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित की उपस्थिति में दोनों नव मनोनीत पदाधिकारियों को संगठन का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया और नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कल्याण सचिव बिपिन बिहारी पाण्डेय ने कहा कि सतेन्द्र कुमार शर्मा और मिथलेश कुमार सिंह लंबे समय से शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उनके अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। शिक्षा प्रकोष्ठ के माध्यम से राज्य में शिक्षा के अधिकार, छात्र-हितों और शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संगठन और अधिक सशक्त रूप से कार्य करेगा। नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में मानवाधिकारों की रक्षा और जागरूकता के लिए हर जिले में टीम का गठन किया जाएगा। वहीं प्रदेश महासचिव मिथलेश कुमार सिंह ने कहा कि संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## भेलवाटांड़ जंगल स्थित तालाब में दर्दनाक हादसा डीएवी स्कूल के नौवीं के छात्र की डूबने से मौत


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगदीशपुर स्थित भेलवाटांड़ जंगल (भोलुआ पोखर, सिंघानी) में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में डीएवी पब्लिक स्कूल, हजारीबाग के नौवीं कक्षा के छात्र हिमांशु राज (15 वर्ष) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार, विद्यालय तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, इस मामले को लेकर परिजनों ने निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मृतक हिमांशु राज,धर्मेंद्र कुमार का पुत्र था। धर्मेंद्र कुमार झारखंड पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में कोडरमा में पदस्थापित हैं। परिवार हजारीबाग के नूतन नगर में रहता है, जबकि उनका मूल निवास कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पसई में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु बुधवार सुबह घर से स्कूल वैन पकड़कर डीएवी पब्लिक स्कूल जाने के लिए निकला था। इसी बीच परिजनों को सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोलुआ पोखर, सिंघानी में उसका शव मिला है। बताया जा रहा है कि वह अपने कुछ मित्रों के साथ वहां गया था। आशंका है कि तालाब में नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद उसके साथ गए कुछ मित्र वहां से चले गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों एवं मुक्ति सेवा संस्थान के नीरज कुमार के सहयोग से छात्र के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं पंचनामा पूरा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा में पदस्थापित पिता धर्मेंद्र कुमार तत्काल हजारीबाग पहुंचे। बेटे का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी तत्काल अस्पताल पहुंचे और पोस्टमार्टम सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में परिजनों को सहयोग किया। साथ ही कटकमदाग के अंचल अधिकारी (सीओ) को भी मामले की जानकारी दी गई। रंजन चौधरी ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्र किन परिस्थितियों में वहां पहुंचा और हादसा कैसे हुआ।

## 2 साल में 3 हादसों पर सीसीएल प्रबंधन की सेफ्टी व्यवस्था पर उठे सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव/ उरीमारी :** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना स्थित पोटंग ओपन कास्ट माइंस में मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे पानी का छिड़काव कर रहा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर पलटने से चालक सीसीएल कर्मी राम प्रसाद महतो 57 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए। सहकर्मियों के सहयोग से उन्हें भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर स्थिति को गंभीर देखते हुए। बेहतर इलाज के लिए सीसीएल गांधीनगर अस्पताल रांची रेफर कर दिया गया। उनके सिर में गंभीर चोट लगने की बात बताई है। हालांकि फिलहाल स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पहली पाली में डंपर ऑपरेटर राम प्रसाद महतो को कोयले के स्टॉक पर पानी छिड़काव की जिम्मेदारी दी गई थी। इसी दौरान टैंकर वाहन अचानक पीछे की ओर लुढ़कने लगा और चालक के प्रयास के बावजूद पलट गया। घटना की सूचना पाकर झकोमयू नेता धनंजय वर्मा भी घायल कर्मी का हाल-चाल लेने रांची अस्पताल पहुंचे। इस हादसे के बाद सीसीएल प्रबंधन और सेफ्टी विभाग की कार्यशैली पर फिर सवाल उठने लगे हैं। श्रमिकों का कहना है कि नियमित सेफ्टी ऑडिट वाहनों की तकनीकी जांच और माइंस की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती तो ऐसी घटना टाली जा सकती थी। उल्लेखनीय है की उरीमारी ओपन कास्ट माइंस में सितंबर और दिसंबर 2025 में भी बड़े हादसे हो चुके हैं। 2 वर्षों में तीन गंभीर दुर्घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रबंधन की जवाबदेही पर सवाल खड़ी कर दी है।

# सांसद की अनुशंसा पर बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति में पांच सदस्यों का नामांकन स्वीकृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा अनुशंसित नामों में से पांच व्यक्तियों को बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति (टेलीकॉम एडवाइजरी कमिटी-टीएसी) का सदस्य नामित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इस संबंध में मंत्रालय की ओर से 27 जुलाई 2026 को आधिकारिक पत्र जारी किया गया। मंत्रालय के पत्र के अनुसार सांसद मनीष जायसवाल ने अपने लोकसभा क्षेत्र से योग्य व्यक्तियों के नाम समिति के लिए भेजे थे। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप उनकी अनुशंसा पर पांच सदस्यों का चयन कर उन्हें टीएसी सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

नामित सदस्यों में रामगढ़ जिले के भुरकुंडा मंडल निवासी योगेश कुमार दांगी, घाटो मंडल के निवासी रणधीर कुमार सिंह और हजारीबाग जिले के चौपारण मंडल निवासी राजेंद्र कुमार चंद्रवंशी (सिंह), पदमा मंडल निवासी सुरेंद्र प्रसाद करौंच और केरेडारी मंडल निवासी महेंद्र कुमार सिंह शामिल हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी नव-नामित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे दूरसंचार सेवाओं से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से समिति के समक्ष रखेंगे तथा बीएसएनएल की सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेवई में नई विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन



**चौपारण :** प्रखंड की बच्छई पंचायत अंतर्गत ग्राम सेवई स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, सेवई में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से रंजन कुमार दास को समिति का अध्यक्ष, प्रीति कुमारी को संयोजिका तथा रुपाली गौतम को उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र रजक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया। समिति के अन्य सदस्यों में मानिता देवी, उषा देवी, पूनम पाण्डेय, डोली देवी, सुपीरिया कुमारी, हीरा भूइंया, आरती देवी एवं वार्ड सदस्य सोभा देवी शामिल हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से सहायक शिक्षिका रीना कुमारी, शिक्षक संतोष पाण्डेय एवं सचिव हेमलता कुमारी मौजूद रहीं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान महेन्द्र साव, गणेश भूइंया, सीताराम रविदास, महाबीर यादव एवं कामेश्वर भूइंया ने प्रेक्षक की भूमिका निभाई। सभी ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के विकास और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

## सुदूरवर्ती बुकाड़ विद्यालय के 19 विद्यार्थियों को मिली साइकिल, शिक्षा की राह हुई आसान



**चौपारण :** राज्य सरकार की साइकिल वितरण योजना के तहत बुधवार को प्रखंड के अति सुदूरवर्ती उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुकाड़ में कक्षा आठ के 19 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। जंगल, पहाड़ और नदी-नालों से घिरे इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह योजना राहत लेकर आई है, क्योंकि उन्हें प्रतिदिन विद्यालय पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ताजपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की साइकिल योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। इससे बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और वे शिक्षा के प्रति अधिक उत्साह के साथ आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील भी की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव ने बताया कि विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं प्रतिदिन लगभग पांच किलोमीटर पैदल चलकर पढ़ाई के लिए आते हैं। ऐसे में साइकिल मिलने से उनका समय और श्रम दोनों की बचत होगी। साथ ही विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ने के साथ बच्चों का आत्मविश्वास और पढ़ाई के प्रति रुचि भी मजबूत होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अजय कुमार यादव, प्रमोद कुमार चौरसिया, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रूबी देवी, संयोजिका सबिया देवी, संतोष चंद्रवंशी, रसोइया कपूरवा देवी एवं चांदनी देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी लाभार्थी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा दिवस मनायी गयी



**बड़कागांव :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,विजयनगर खरार्टी में 29 जुलाई 2026 को 'गुरु पूर्णिमा दिवस' बहुत उत्साह के साथ मनाया गया।। इस गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर। हमारे महर्षि वेदव्यास जी का जन्म-दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं उनके फोटो पर विद्यालय के डायरेक्टर महोदय एवं सभी शिक्षकों ने बारी-बारी से माल्यार्पण किये। डायरेक्टर महोदय विजय यादव ने अपने भाषण में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में चार प्रकार के शिक्षकों का अहम भूमिका रहता है। प्रथम गुरु हमारी - माता,द्वितीय गुरु- पिता, तृतीय गुरु- शिक्षक एवं चतुर्थ गुरु- हमारी धरती मां है। साथ ही साथ स्कूल में हर दिन शिक्षक हमें न केवल विषयों का ज्ञान देते हैं बल्कि खेलकूद, कला और जीवन की हर चुनौती से लड़ना सिखाते हैं आज का दिन हम सभी विद्यार्थियों के लिए एक मौका है कि हम अपने अध्यापकों के पास जाएं एवं उनका आभार माने और उनका आशीर्वाद लें। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक शामिल थे। विद्यालय के डायरेक्टर महोदय विजय यादव एवं प्राचार्य विकास कुमार राम महोदय , जोतिंदर,तालो ,मोहन,सुरेंद्र , बसंत,उदित, अनु ,बबीता, रानी मिस, संध्या मिस एवं रीता मिस ने इस सफल कार्यक्रम को संपन्न करने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका अदा किए।

## बरही चौक की मछली और मुर्गा दुकानें होंगी शिफ्ट पीएचडी की जमीन पर होगी वैकल्पिक व्यवस्था



**बरही :** बरही चौक पर लगने वाली मछली दुकान और हजारीबाग रोड़ स्थित सर्विस रोड के किनारे लगने वाली मुर्गा-मीट दुकानों को वैकल्पिक स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी है। हजारीबाग उपायुक्त हेमंत कुमार सती के निर्देश पर बुधवार को बरही एसडीओ जोहन टुडू के नेतृत्व में हजारीबाग रोड़ स्थित पीएचडी विभाग की खाली जमीन को जेसीबी मशीन से साफ-सफाई कराई गई। एसडीओ जोहन टुडू ने बताया कि बरही चौक पर मछली दुकान लगने से भारी दुर्गंध के साथ-साथ आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है जिससे यातायात बाधित होता है और कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। वहीं सर्विस रोड पर मुर्गा-मीट की दुकानें लगने से भी राहगीरों को काफी परेशानी होती है। इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था होने तक इन सभी दुकानों को पीएचडी विभाग की खाली जमीन पर स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जेसीबी से परिसर की साफ-सफाई कराई गई है ताकि आगे की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य सड़क किनारे लगने वाली दुकानों के कारण होने वाले जाम, दुर्गंध और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण कर यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाना है।

हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • गुरुवार • 30.07.2026 • वर्ष : 17 • अंक : 09 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### लोकसभा में पेश हुआ जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक

**नई दिल्ली** : लोकसभा में बुधवार को जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया गया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्ष के हंगामे के बीच यह बिल सदन में रखा। इस विधेयक का उद्देश्य देशभर में जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड को डिजिटल करना और फर्जी दस्तावेजों पर रोक लगाना है।

### शेख हसीना का एलान, दिसंबर तक बांग्लादेश लौटूंगी

**ढाका/नई दिल्ली** : बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि वे गिरफ्तारी, जेल या मौत की सजा की आशंका के बावजूद इस वर्ष दिसंबर तक बांग्लादेश लौटेंगी। अगस्त 2024 में देश छोड़कर भारत आने के बाद यह उनका सबसे स्पष्ट राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। शेख हसीना ने समाचार एजेंसी एएफपी को दिए जवाब में कहा, मुझे मारा जा सकता है, गिरफ्तार किया जा सकता है या जेल में डाला जा सकता है। मुझे अपने भाग्य का पूरा अंदाजा है, फिर भी मैं अपने देश लौटना चाहती हूं क्योंकि वहां के लोग मुझे पुकार रहे हैं।

### यौन उत्पीड़न मामले में ट्रेनी आईपीएस अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद** : हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एनपीए) की एक साथी ट्रेनी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में अट्टापुर पुलिस ने बुधवार को आरोपित ट्रेनी आईपीएस अधिकारी उदय कृष्णा रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया। शिकायत दर्ज होने के लगभग दस दिन बाद हुई इस गिरफ्तारी को मामले में महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। हालांकि पुलिस ने आधिकारिक रूप से यह पुष्टि नहीं की है कि रेड्डी ने आत्मसमर्पण किया या उसे गिरफ्तार किया गया।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ वारंट

**चंडीगढ़** : पंजाब में संगरूर की जिला अदालत ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ वारंट जारी किया है। उन्हें अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है। मामले की सुनवाई 19 सितंबर को होगी। खरगे के वकील एडवोकेट ललित गर्ग ने बताया कि यह मामला 2023 का है, जब संगरूर निवासी हितेश भारद्वाज (बजरंग दल सदस्य) ने खरगे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खरगे पर आरोप है कि उन्होंने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में बजरंग दल पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने बजरंग दल की तुलना पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन पीएफआई से की थी और कहा था कि सत्ता में आने पर वे इस संगठन पर प्रतिबंध लगा देंगे।

### मणिपुर में यूएनएलएफ (पी) संगठन का उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल** : सुरक्षा बलों ने 28 जुलाई को चलाए गए उगाही विरोधी अभियान के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूएनएलएफ (पी) के एक सक्रिय उग्रवादी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान संगठन के सार्जेंट मेजर समाद्रम जगत सिंह उर्फ थम्बालजाओ उर्फ रोमन (49) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से थौबल हाओखा का निवासी है और वर्तमान में काकचिंग जिले के तोकपा चिंग मयाई लैकाई क्षेत्र में रह रहा था।

# लोकसभा में परीक्षा संशोधन बिल ध्वनिमत से पारित, होता रहा हंगामा

- सजा बढ़ाकर 10 वर्ष तक, जुर्माना 10 करोड़ रुपये तक
- शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियां गिनाईं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य कदाचार पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने वाला लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक-2026 बुधवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। सरकार ने कहा कि नए संशोधन के बाद दोषियों के लिए सजा, जुमार्ना और परीक्षा संचालन से प्रतिबंध जैसे प्रावधान पहले की तुलना में काफी कठोर हो जाएंगे। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार को उम्मीद थी कि इस विषय पर सकारात्मक सुझाव मिलेंगे, लेकिन कुछ सदस्यों ने इस मुद्दे पर राजनीति करने का प्रयास किया।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि जनवरी 2024 में लागू लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम को हाल की घटनाओं और विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

संशोधन के अनुसार कदाचार में शामिल व्यक्तियों के लिए सजा तीन से पांच वर्ष के स्थान पर पांच से दस वर्ष तक कर दी गई है। जुमार्ना बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक किया गया है। सेवा प्रदाताओं पर अधिकतम जुमार्ना एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दिया गया है और उन्हें आठ वर्ष तक परीक्षा संचालन से वंचित किया जा सकेगा।

संगठित अपराध से जुड़े मामलों में न्यूनतम सजा सात वर्ष कर दी गई है तथा जुमार्ना बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये तक करने का प्रावधान जोड़ा गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कहना गलत है कि 2024 में कानून लागू होने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दो वर्षों में इस कानून के तहत 52 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इनमें 29 मामले अनुचित साधनों की रोकथाम से जुड़े हैं, जबकि 23 मामले भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने हाल में सामने आए पेपर लीक मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि 7 और 8 जुलाई की रात सूचना मिलने के बाद 12 जुलाई को जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई। अगले ही दिन 13 लोगों को हिरासत में लिया गया और लगभग 92 स्थानों पर छापेमारी की गई। सरकार के अनुसार, सीबीआई ने शीघ्र जांच पूरी कर आरोपपत्र दाखिल किया और नए कानून के तहत मुकदमे की सुनवाई भी शुरू हो गई है।

डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार किया है। उनके अनुसार विश्वविद्यालयों की संख्या 760 से बढ़कर 1,293 हो गई है, जबकि उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या 51,534 से बढ़कर 64,896 तक पहुंच गई है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का भी विस्तार किया गया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई है।

उन्होंने बताया कि एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 22 हो गई है। सरकारी मेडिकल कॉलेज 387 से बढ़कर 844 हो गए हैं और एमबीबीएस सीटें लगभग 51,300 से बढ़कर 1.39 लाख तक पहुंच गई हैं।

### वंदे मातरम के अनादर पर लगेगी रोक, राज्यसभा से विधेयक पारित

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सम्मान और गरिमा को कानूनी संरक्षण देने वाला विधेयक बुधवार को राज्यसभा से पारित हो गया। अब इसे गुरुवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। विधेयक में वंदे मातरम के जानबूझकर अपमान, गाने से रोकने या बाधा डालने को अपराध की श्रेणी में रखने का प्रावधान किया गया है। ऐसे मामलों में तीन वर्ष तक की सजा का प्रावधान प्रस्तावित है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि वर्ष 1971 के राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण कानून में राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और संविधान को संरक्षण दिया गया था, लेकिन राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को इसमें शामिल नहीं किया गया था।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ऊर्जा विभाग को दिए कई अहम निर्देश

# निर्बाध बिजली आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में ऊर्जा विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के हर नागरिक को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र राज्य के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव है, इसलिए बिजली उत्पादन, संचरण और वितरण व्यवस्था को आधुनिक एवं मजबूत बनाया जाए।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली कटौती की समस्याओं का स्थायी समाधान करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने, संचरण तंत्र के विस्तार और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि रांची में तीन नए स्मार्ट ग्रिड स्थापित किए जाएंगे। ये स्मार्ट ग्रिड कुसई कॉलोनी, बरियातू और इटकी में बनाए जाएंगे। इसके अलावा कई नए विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण की भी योजना है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि स्मार्ट ग्रिड परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित बिजली वितरण व्यवस्था से आपूर्ति की गुणवत्ता बेहतर होगी, ऊर्जा हानि कम होगी और तकनीकी समस्याओं का तेजी से समाधान किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि आम लोगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी पात्र उपभोक्ताओं को 200 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए लाभुकों की पहचान, योजना के क्रियान्वयन और शिकायतों के समाधान की व्यवस्था को और सरल बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को योजना की नियमित निगरानी करने और लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# 2.20 करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा समेत पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा (माओवादी) के एकमात्र सक्रिय पोलित ब्यूरो सदस्य तथा 2.20 करोड़ रुपये के इनामी शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा उर्फ सागर उर्फ भास्कर उर्फ सुर्निमल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ संगठन के चार अन्य सक्रिय सदस्यों को भी पकड़ा गया है। संयुक्त अभियान के दौरान तीन एके-47 राइफल, आठ मैगजीन और 288 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई 28 जुलाई की देर शाम धनबाद जिले के बरवड्डा थाना क्षेत्र के जंगलों में चलाए गए संयुक्त अभियान ऑपरेशन दौरा पहाड़ के तहत की गई। अभियान में धनबाद और गिरिडीह जिला पुलिस के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 209 कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। मिसिर बेसरा पर झारखंड सरकार ने एक करोड़ रुपये और ओडिशा सरकार ने 1.20 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था।



पुलिस मुख्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में अधिकारियों ने बताया कि मिसिर बेसरा के साथ संगठन के रीजनल कमेटी सदस्य तथा 15 लाख रुपये के इनामी मेहनत उर्फ मोछू उर्फ विभीषण, एरिया कमेटी सदस्य गौरव उर्फ बिरेंद्र हांसदा उर्फ सौरभ और संगठन के दो अन्य सदस्य मंगल मुर्मू तथा दिनेश राय को भी गिरफ्तार किया गया है।

### 15 लाख के इनामी समेत 16 ने किया सरेंडर

झारखंड में भाकपा माओवादियों के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा और केंद्रीय कमेटी सदस्य असीम मंडल दस्ते के 16 सदस्यों ने ऑपरेशन नवजीवन के तहत पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को डीजीपी तदाशा मिश्रा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में सरेंडर कर दिया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में आईजी अभियान नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चाईबासा में वर्तमान में मिसिर बेसरा को लेकर अभियान चल रहा है। उसके साथ सिर्फ दो माओवादी मेहनत उर्फ मोछू और गौरव हैं, जबकि दूसरे माओवादी सालूका कायम के साथ भी दो कैडर बचे हैं। इस तरह चाईबासा में अब सिर्फ छह माओवादी बचे हैं। हालांकि देर रात मिसिर बेसरा व उसके साथ दो माओवादियों की गिरफ्तारी पर अब तीन ही बचेंगे।

# राहुल गांधी की मांग: अमित शाह को हटाया जाए और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के मानसून सत्र में हंगामे के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पद से हटाने की मांग की और आरोप लगाया कि छात्रों पर पैलेट गन के इस्तेमाल की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। राहुल गांधी ने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग भी उठाई।

राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें संसद में अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया गया। उनका दावा था कि उन्होंने कई बार लोकसभा अध्यक्ष से बोलने की अनुमति मांगी, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला।



राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बर्बरता की गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं और नाबालिगों पर भी कार्रवाई हुई तथा पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने स्वयं एक घायल छात्र को देखा है, जिसकी आंख में पैलेट गन के छर्रे लगे हैं।

### राहुल और प्रियंका गांधी के बयान लोकसभा रिकॉर्ड से क्यों हटाए गए?

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के कुछ बयानों को हटाया गया है। संसद की भाषा में इसे कार्यवाही से शब्दों को हटाना (एक्सपंज करना) कहा जाता है। ऐसे शब्द या बयान, जिन्हें अध्यक्ष असंसदीय, आपत्तिजनक या नियमों के विरुद्ध मानते हैं, उन्हें आधिकारिक रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं रखा जाता। पेपर लीक मामले पर लोकसभा में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि देश में तीन तरह के लोग हैं। उन्होंने एक छात्र के कथन का जिक्र करते हुए कुछ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिन पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई।

### शराब प्रकरण में एसीबी की जांच तेज, तीन अधिकारियों को समन

**रांची** : झारखंड शराब प्रकरण में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जांच तेज कर दी है। राज्य की उत्पाद नीति, शराब आपूर्ति व्यवस्था, जेएसबीसीएल से जुड़ी प्रक्रियाओं तथा कथित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच के तहत एसीबी ने तीन अधिकारियों को 4 अगस्त 2026 को पूछताछ के लिए तलब किया है। एसीबी के अनुसार जांच के दौरान पहले दर्ज बयानों, उपलब्ध दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों का आपस में मिलान किया जा रहा है। जिन मामलों में अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता महसूस हो रही है, संबंधित अधिकारियों और व्यक्तियों को दोबारा बुलाकर पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने तत्कालीन संयुक्त आयुक्त (उत्पाद विभाग) गजेंद्र सिंह, तत्कालीन महाप्रबंधक (वित्त) जेएसबीसीएल सुधीर कुमार दास और तत्कालीन उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश को 4 अगस्त को उपस्थित होने का समन जारी किया है। इनसे पूर्व में दर्ज बयानों और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आवश्यक स्पष्टीकरण लिया जाएगा। ब्यूरो टेंडर प्रक्रिया की सभी कड़ियों की जांच कर रहा है। इसमें टेंडर की शर्तें, उनमें किए गए बदलाव, संबंधित अधिकारियों और संस्थाओं की भूमिका तथा टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों की प्रक्रिया शामिल है।

# पीओके में हिंसा तेज, 48 घंटे में 30 मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली** : पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विधानसभा चुनावों के दौरान हिंसा और सुरक्षा बलों की कार्रवाई को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। जम्मू-कश्मीर संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने दावा किया है कि पिछले 48 घंटों में पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में कम से कम 30 लोगों की मौत हुई है। इनमें सोमवार को 25 और मंगलवार को पांच लोगों के मारे जाने का दावा किया गया है।

घटनाओं के बाद पाकिस्तान की कार्रवाई पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। यूनाइटेड किंगडम में प्रवासी समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किया, जबकि मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है।

एमनेस्टी साउथ एशिया की कार्यवाहक निदेशक इसाबेल लैसी ने कहा कि यह घटनाक्रम प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा लंबे समय से अपनाई जा रही



हिंसक कार्रवाई की प्रवृत्ति से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के बंद रहने से जमीनी स्थिति की स्वतंत्र जांच प्रभावित हो रही है।

एमनेस्टी ने पाकिस्तान से सभी संचार सेवाएं बहाल करने और मीडिया तथा स्वतंत्र पर्यवेक्षकों को क्षेत्र में जाने की अनुमति देने की मांग की है।

पाकिस्तानी प्रशासन ने 5 जून से पीओके में इंटरनेट सेवाएं बंद कर रखी हैं। जेएएसी के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन पर कई सप्ताह से कार्रवाई जारी है। संगठन अधिक स्वायत्तता की मांग कर रहा है।

# बांकीपुर, दतिया और मांजलपुर उपचुनाव आज, तैयारियां पूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग और संबंधित राज्य प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। तीनों राज्यों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती, अतिरिक्त पुलिस बल, वेबकास्टिंग, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन, क्विक रिस्पांस टीम और माइक्रो ऑब्जर्वर की व्यवस्था की गई है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 3 अगस्त को होगी।

बिहार की 182-बांकीपुर विधानसभा सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद रिक्त हुई थी। यहां कुल 3,79,616 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें लगभग दो लाख पुरुष, 1,79,533 महिला और 23 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

### जन सुराज पार्टी के 20 नेता गिरफ्तार

पटना। बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। जन सुराज पार्टी ने दावा किया है कि उसके करीब 20 नेताओं और कार्यकताओं को पटना पुलिस तथा एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।

# जंतर-मंतर पर फिर शुरू हुआ छात्र आंदोलन, छात्रों की रिहाई की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाप्त हुए सीजेपी आंदोलन के बाद जंतर-मंतर पर एक बार फिर छात्रों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार प्रदर्शन का नेतृत्व दिशा छात्र संगठन कर रहा है। प्रदर्शनकारी हिरासत में लिए गए छात्रों की रिहाई और उनके एकत्र किए गए डाटा को हटाने की मांग कर रहे हैं।

जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में छात्र बैनर और तख्तियां लेकर पहुंचे तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आंदोलन के दौरान जिन छात्रों पर कार्रवाई की गई, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए और उनके खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लिया जाए।




प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने स्पष्ट किया कि वे सीधे तौर पर सीजेपी से जुड़े नहीं हैं। हालांकि, सीजेपी के नेतृत्व में हुए पिछले आंदोलन में दिशा छात्र संगठन के कई सदस्य शामिल थे।

एक छात्रा ने कहा कि आंदोलन के दौरान 36 दिनों तक छात्र जंतर-मंतर पर डटे रहे। उनका आरोप है कि सरकार ने पहले प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया और बाद में कार्रवाई जारी रखी। उन्होंने कहा कि बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, मुंबई और अन्य राज्यों के छात्र इस आंदोलन के समर्थन में हैं।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग है कि आंदोलन के दौरान हिरासत में लिए गए छात्रों को रिहा किया जाए। साथ ही, जिन छात्रों का डाटा एकत्र किया गया है, उसे हटाया जाए। उनका कहना है कि इस संबंध में अदालत की टिप्पणियों का भी पालन किया जाना चाहिए।

जंतर-मंतर पर छात्रों ने छात्रों की गिरफ्तारी बंद करो, एफआईआर वापस लो और छात्रों का आपराधिकरण बंद करो जैसे नारे लगाए।

सीजेपी ने असम, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में छात्र कार्यकताओं और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं रोकने संबंधी अपने आश्वासन का पालन नहीं किया, तो वह दोबारा आंदोलन शुरू करेगी।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं करने संबंधी सहमति का उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसे में जंतर-मंतर पर शुरू हुआ नया छात्र आंदोलन आने वाले दिनों में और तेज हो सकता है।

## एक नजर

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में आईटी क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कोडरमा : सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरी तिलैया में कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस आईटी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि, तार्किक सोच एवं डिजिटल जागरूकता का विकास करना था। प्रतियोगिता में चारों हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार (मुख्य अतिथि), सीएम स्कूल, डोमचांच के प्राचार्य विनोद मिश्रा (विशिष्ट अतिथि) तथा विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कंप्यूटर के 'एंटर' की को दबाकर किया, जो डिजिटल युग की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक बना। रोमांचक मुकाबले के बाद आकाश हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पानी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। धरती हाउस एवं पवन हाउस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है तथा ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की योग्यता का विकास करती हैं। विशिष्ट अतिथि विनोद मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को तकनीक के साथ निरंतर सीखते रहने की आदत विकसित करनी चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विजेता एवं प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सड़क हादसे में पांच घायल

कोडरमा : जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांचीझपटना मुख्य मार्ग पर चाराडीह के समीप मंगलवार देर रात एक स्कॉर्पियो का चक्का चलते-चलते खुल जाने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, फुलवरिया निवासी फुलिया बिरहोर का परिवार पुत्री के विवाह संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने चतरा गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर रात सभी स्कॉर्पियो से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चाराडीह के समीप अचानक वाहन का चक्का निकल गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल कोडरमा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

### लुपुंग महाबीर चौक में आज से सावन उत्सव

सिल्ली : सिल्ली सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंदिर, लुपुंग महाबीर चौक में चलने वाला सावन उत्सव गुरुवार 30 जुलाई से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति की सचिव दीपा बड़ाइक ने बताया कि उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।उन्होंने बताया कि पहले दिन महादेव बाबा के आगमन की पूजा, शिव गुरु चर्चा एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन से प्रतिदिन शिव गुरु चर्चा होगी। इसके अलावा सावन माह के प्रत्येक सोमवार को अपराह्न 4 बजे से शाम 6:30 बजे तक शिव गुरु चर्चा आयोजित की जाएगी। सावन उत्सव के अंतिम सोमवार, 24 अगस्त को श्रद्धालुओं एवं शिव शिष्यों द्वारा शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा।

# आरपीएफ ने कॉपर केबल चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



कोडरमा : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हजारीबाग टाउन पोस्ट क्षेत्र के बेस स्टेशनों के बीच स्थित इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल में लगातार हो रही कॉपर केबल चोरी की घटनाओं का सफल उद्भेदन करते हुए अंतरराज्यीय शातिर गिरोह के चार सदस्यों और चोरी का सामान खरीदने वाले दो कबाड़ियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही रेलवे संपत्ति चोरी के सात मामलों का खुलासा हो गया है। आरपीएफ को 27 जुलाई की रात करीब 9:41 बजे सूचना मिली कि हजारीबाग बेस स्टेशन के समीप स्थित आईबीएस में कुछ लोग रेलवे की कॉपर केबल काट रहे हैं। सूचना मिलते ही निरीक्षक बाल गंगाधर, अपराध आसूचना शाखा के निरीक्षक अरविंद कुमार राम तथा आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। दबिश के दौरान दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दो अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। बाद में तकनीकी साक्ष्यों और छापेमारी के आधार पर दोनों फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से और आरोपियों की निशानदेही पर कुल करीब 15 किलोग्राम कॉपर केबल तथा केबल काटने में प्रयुक्त इंटरलॉकिंग की, गैती, कुल्हाड़ी, हेक्सा ब्लेड, पेचकस और वायर कटर समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए। आगे की जांच में गया जिले के वजीरगंज स्थित कबाड़ी अजय कुमार कसेरा की दुकान पर छापेमारी कर रेलवे की कॉपर पट्टियां और जला हुआ कॉपर केबल बरामद किया गया। पूछताछ में उसने चोरी का सामान राजू कुमार नामक कबाड़ी को बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद राजू कुमार की दुकान से भी लगभग 12 किलोग्राम रेलवे का कॉपर केबल और कॉपर पट्टियां बरामद की गईं। राजू ने खुलासा किया कि चोरी का अधिकांश माल पटना के अगमकुआं क्षेत्र स्थित गौरी शंकर नामक कबाड़ी को बेच दिया गया था। हालांकि पटना में छापेमारी के दौरान उसकी दुकान बंद मिली और वहां से कोई चोरी का सामान बरामद नहीं हो सका। गौरी शंकर फिलहाल फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में गया निवासी बजरंगी तुरिया, शेखपुरा निवासी रोहित कुमार, गिरिडीह निवासी विकास कुमार राम तथा नवादा निवासी वीरेंद्र कुमार तुरी शामिल हैं। वहीं चोरी का सामान खरीदने के आरोप में गया जिले के अजय कुमार कसेरा और राजू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे झुमरी तिलैया में किराये का मकान लेकर रह रहे थे और वहीं से रेलवे के विभिन्न आईबीएस स्थलों को निशाना बनाकर कॉपर केबल चोरी करते थे। चोरी के केबल को कबाड़ियों के माध्यम से अवैध रूप से बेचा जाता था। आरपीएफ ने इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट हजारीबाग टाउन में रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम, 1966 की धारा 3 के तहत कांड संख्या 08/2026 दर्ज किया है। जांच के दौरान आरोपियों के बयानों के आधार पर पूर्व में दर्ज सात अज्ञात चोरी के मामलों का भी सफल उद्भेदन कर लिया गया है। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार बरामद कुल 35 किलोग्राम कॉपर स्ट्रिप एवं वायर की अनुमानित कीमत 55,500 आंकी गई है। फरार रिसीवर गौरी शंकर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## मजदूर किसानों की एकता ही देश को बचाने का रास्ता : संजय पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



कोडरमा : केंद्रीय ट्रेड यूनियनों (सीटीयू) तथा संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आह्वान पर नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 29 जुलाई को आयोजित श्रमिकों और किसानों का राष्ट्रीय कन्वेंशन ने देश के मजदूरों, किसानों, खेत मजदूरों, युवाओं, छात्रों तथा अन्य मेहनतकश तबकों के साझा संघर्षों को मजबूत करने का आह्वान किया। कन्वेंशन में झारखंड से भाग ले रहे सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की नीतियां बड़े कॉरपोरेट घरानों के हितों को बढ़ावा दे रही हैं, जबकि मजदूरों, किसानों, युवाओं और आम जनता पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। श्रम संहिताओं, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण, रोजगार में कटौती, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के व्यापारीकरण तथा किसान-विरोधी नीतियों के कारण देश में असमानता और संकट गहरा रहा है। इस परिस्थिति में मजदूर किसानों की एकता ही देश को बचाने का रास्ता है। कन्वेंशन में चारों श्रम संहिताओं को वापस लेने, आठ घंटे के कार्यदिवस, सामाजिक सुरक्षा और हड़ताल के अधिकार की रक्षा करने, साथ ही सभी श्रमिकों के लिए सम्मानजनक न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने तथा संविदा, आउटसोर्सिंग एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने पर जोर दिया गया। किसानों के सवालों पर सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, व्यापक कर्जा माफी, भूमि अधिग्रहण से सुरक्षा, कृषि के आधुनिकीकरण तथा ग्रामीण रोजगार को मजबूत करने की मांग की गई. कृषि और लघु उद्योगों के हितों के खिलाफ होने वाले मुक्त व्यापार समझौतों का विरोध किया गया। कन्वेंशन ने बेरोजगारी, पेपर लीक, शिक्षा के निजीकरण तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े सवालों को गंभीर संकट बताया। सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थानों में रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती करने तथा शिक्षा और स्वास्थ्य पर सार्वजनिक खर्च बढ़ाने की मांग की गई। कन्वेंशन ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, रेल, कोयला, बिजली, बैंक, बीमा, रक्षा, परिवहन और अन्य सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण एवं विनिवेश का विरोध करते हुए इसे देश की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया। लोकतांत्रिक अधिकारों, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द की रक्षा के लिए व्यापक जन एकता बनाकर संघर्ष का आह्वान किया।

## 24 अगस्त को निकलेगी 27वीं पारंपरिक कांवड़ पदयात्रा, तैयारियां शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

झुमरीतिलैया : श्रावण मास की पावन बेला में झुमरीतिलैया एक बार फिर शिवभक्ति और धार्मिक आस्था के रंग में रंगने को तैयार है। श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में आयोजित होने वाली पारंपरिक कांवड़ पदयात्रा का इस वर्ष 27वां भव्य आयोजन 24 अगस्त को किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार की देर शाम सत्यनारायण मंदिर परिसर में मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष बसंत गुप्ता ने की, जबकि संचालन सचिव बब्लू सिंह ने किया। बैठक की शुरूआत कोषाध्यक्ष लखन सिंह द्वारा आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करने से हुई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 अगस्त को पारंपरिक कांवड़ पदयात्रा झरना कुंड से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए ध्वजाधारी धाम पहुंचेगी। यात्रा के सफल संचालन के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया तथा चंदा संग्रह, भोजन व्यवस्था, साज-सज्जा, सुरक्षा, मीडिया एवं सोशल मीडिया सहित विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच बांटी गईं। अध्यक्ष बसंत गुप्ता ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से यह कांवड़ पदयात्रा नगर की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं और नगरवासियों के सहयोग से इस वर्ष का आयोजन भी ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा।

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में उमड़ी आस्था, 300 श्रद्धालुओं ने किया हवन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



झुमरी तिलैया : गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गायत्री शक्तिपीठ में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन दो पालियों में किया गया, जिसमें लगभग 300 श्रद्धालु भक्तों ने हवन मे भाग लेकर गुरुदेव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन, यज्ञ एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। वहीं सात महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने गायत्री परिवार की दीक्षा ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संकल्प लिया।पूरे कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन की विधि लक्ष्मण प्रसाद मण्डल और राजकुमार पाण्डेय ने संपन्न कराई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा बताए गए आदर्शों पर चलकर ही समाज में नैतिकता, संस्कार और सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। हरिद्वार स्थित गायत्री परिवार द्वारा संचालित युग परिवर्तन महाअभियान को जन-जन तक पहुंचाने का भी आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु ही जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान गायत्री महिला मंडल की सदस्य कामिनी देवी ने अपने परिवार के बच्चों करिशा प्रकाश, ऋद्धि प्रकाश एवं सोनम प्रकाश के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया।

## सड़क निर्माण कार्य का विधायक डॉ. नीरा यादव ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



कोडरमा : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डोमचांच प्रखंड के भेलवाटांड़ गांव में सड़क निर्माण कार्य का बुधवार को विधिवत शिलान्यास किया गया। कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव ने राजू यादव के घर से देवी मंडप एवं श्मशान घाट होते हुए उत्क्रमित विद्यालय घरबरियाबर तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सहूलियत होगी तथा देवी मंडप और श्मशान घाट तक पहुंच भी आसान होगी। उन्होंने कहा कि उनकी सोच है विकास आप तक, विकास सब तक, और इसी उद्देश्य के साथ विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार सहित हर क्षेत्र को गति मिलती है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में दिनेश सिंह, रामजी यादव, सिकंदर यादव, महेश यादव, पवन सिंह, महेंद्र साव समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में कोडरमा को मिली मजबूत भागीदारी रामनाथ सिंह व डॉ. नरेश पंडित बने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



झुमरीतिलैया : झारखंड भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों की नई सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में कोडरमा जिले से दो अनुभवी एवं संगठन के मजबूत चेहरों को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में स्थान दिया गया है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह तथा वरिष्ठ चिकित्सक एवं भाजपा नेता डॉ. नरेश पंडित को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने से जिले के भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। डॉ. नरेश पंडित लंबे समय से संगठनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष, दो बार चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तथा जिला कार्यसमिति सदस्य का दायित्व सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। वर्तमान में वे शिवतारा शिशु मंदिर के अध्यक्ष के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। साथ ही प्रजापति महासंघ के संरक्षक के रूप में सामाजिक सेवा से भी जुड़े हुए हैं। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के दो बार जिला सचिव रह चुके डॉ. पंडित शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में कोडरमा ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य में अपनी अलग पहचान रखते हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर डॉ. नरेश पंडित ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह को प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किए जाने को भी संगठन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। संगठन में उनके लंबे अनुभव एवं सक्रिय भूमिका का लाभ अब प्रदेश स्तर पर भी पार्टी को मिलेगा। दोनों नेताओं के मनोनयन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, केंद्रीय मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिला महामंत्री नरेंद्र पाल, विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष सुभाष मोदी, डॉ. रामसागर सिंह, सुनील बड़गवे, चन्द्रशेखर जोशी, अजय पांडेय, देवनारायण मोदी, रामप्रसाद साव, राजकिशोर प्रसाद, इन्द्रदेव वर्णवाल, नवीन चौधरी, संजय शर्मा, शशि भूषण प्रसाद, हरि पंडित,विजय राम, अमर सिंह, पप्पू भदानी, सचीन लोहानी, विकास जैन,सहित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों नेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु पूर्णिमा पर मुनि श्री सुयश सागर जी के चातुर्मास का मंगल कलश स्थापना समारोह संपन्न



झुमरीतिलैया : गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर झुमरीतिलैया स्थित जैन मंदिर में परम तपस्वी 108 मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ससंघ के वषार्यीग (चातुर्मास) का मंगल कलश स्थापना समारोह श्रद्धा, भक्ति और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। विश्व शांति मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के बीच चातुर्मास कलश की स्थापना की गई। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं विरागोदय चातुर्मास समिति 2026 के संयोजकों ने आचार्य शिरोमणि विशुद्ध सागर जी महाराज के परम तपस्वी शिष्य मुनि श्री सुयश सागर जी को श्रीफल भेंट कर झुमरीतिलैया में चातुर्मास करने की प्रार्थना की। समारोह में रायपुर, भिलाई, तामसा, दुर्ग, रायगढ़, राउरकेला, रांची, गया, हजारीबाग सहित देश के विभिन्न शहरों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। जैन परंपरा के अनुसार वर्षा ऋतु में संत पैदल विहार नहीं करते और एक ही स्थान पर चार माह तक रहकर धर्म, ध्यान एवं साधना करते हैं। झुमरीतिलैया में मुनि श्री सुयश सागर जी के चातुर्मास से पूरे जैन समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम का संचालन समाज के पंडित अभिषेक शास्त्री, संजय छाबड़ा (लट्टू भैया) एवं अक्षय जैन ने किया। प्रतिष्ठाचार्य संजय भैया एवं ब्रह्मचारी मुक्तगिरि ने संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। समाज के उपमंत्री नरेंद्र झांझरी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला, सहमंत्री राज छाबड़ा तथा विरागोदय चातुर्मास समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मंडप का उद्घाटन कोलकाता के दिनेश, सर्वेश एवं अखिलेश पाटनी परिवार ने किया। बाहर से आए सभी श्रद्धालुओं का तिलक एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। धार्मिक आयोजन में समाज के प्रसिद्ध भजन गायक नवीन पांडया एवं सुबोध गंगवाल ने गुरु भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### गौ सेवा का संकल्प लेकर 360 किमी की कांवड़ पदयात्रा पर निकलीं कुसुम साहू



झुमरीतिलैया : गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, कोडरमा के गौ रक्षा विभाग की जिला महिला गौ भक्त प्रमुख सुश्री कुसुम साहू ने गौ सेवा का संकल्प लेते हुए लगभग 360 किलोमीटर लंबी कांवड़ पदयात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद झुमरी तिलैया स्थित झरना कुंड से 21 लीटर जल कांवड़ में लेकर देवी-देवताओं का स्मरण करते हुए यात्रा प्रारंभ की। इस पदयात्रा के दौरान कुसुम साहू सबसे पहले पैदल चलकर सुल्तानगंज पहुंचेंगी। जहां बाबा अजगैबीनाथ पर जलाभिषेक करेंगी। इसके बाद सुल्तानगंज से 21 लीटर गंगाजल कांवड़ में भरकर पैदल बाबा बैद्यनाथधाम (देवघर) पहुंचकर जल अर्पित करेंगी तथा वहां से आगे बासुकीनाथ धाम तक की यात्रा पूरी करेंगी। यह संपूर्ण यात्रा लगभग 25 दिनों में पूरी होने की संभावना है, हालांकि इसकी अवधि बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती की कृपा पर निर्भर बताए गई है। कुसुम साहू इससे पूर्व भी दो बार झरना कुंड से सुल्तानगंज, देवघर एवं बासुकीनाथ तक कांवड़ पदयात्रा कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने डोमचांच से अपनी माता एवं लड्डू गोपाल के साथ पैदल वृंदावन यात्रा तथा दूसरी बार माता-पिता और लड्डू गोपाल के साथ पैदल अयोध्या यात्रा भी सफलतापूर्वक पूरी की है। इस बार की यात्रा में हजारीबाग जिले के बड़कागांव निवासी सुश्री लीलावती कुमारी भी सहयोगी के रूप में उनके साथ पैदल यात्रा कर रही हैं। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर झरना कुंड के महंत लाल बाबा, विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत गौ रक्षा विभाग के प्रांत टोली सदस्य अजय कुमार वर्मा, विश्व हिंदू परिषद कोडरमा के जिला धर्म प्रसार प्रमुख विनय कुमार सिन्हा, कुसुम साहू की माता सरिता देवी, आदित्य राज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष एवं पत्रकार उपस्थित थे। यात्रा के दौरान झुमरी तिलैया के नंदी बाबा चौक पर श्री राम संकीर्तन मंडल के पदाधिकारियों ने सुश्री कुसुम साहू एवं उनकी सहयोगी लीलावती कुमारी का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया तथा उनकी मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना करते हुए उन्हें रवाना किया।

### वीबीयू से कॉलेजों को अलग करने के विरोध में आंदोलन तेज, 4 अगस्त को जेजे कॉलेज में धरना



कोडरमा : शिक्षा व शैक्षणिक संस्थान बचाओ, छात्रों-नौजवानों का भविष्य बचाओ, कोडरमा बचाओर अभियान के साथ जिले के तमाम डिग्री कॉलेज को वीबीयू हजारीबाग में ही रहने देने की मांग को लेकर एवं पूर्व कार्यक्रम की समीक्षा, आगे की रणनीति को लेकर संरक्षक सदस्य सुरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता एवं संचालन सचिव देवेंद्र कुमार के संचालन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आंदोलन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी चरण की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इस जनहित एवं छात्रहित के मुद्दे को सदन में प्रमुखता से उठाने का प्रयास किया जाएगा। एवं 4 अगस्त को जे जे कॉलेज प्रांगण में दिवसीय धरना के माध्यम से मुख्यमंत्री ने नाम स्मार पत्र प्राचार्य एवं उपायुक्त को सौंपा जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि आंदोलन को गांव-गांव और प्रखंड स्तर तक मजबूत करने के लिए प्रत्येक प्रखंड में संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा तथा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों, अभिभावकों, युवाओं और आम जनता को आंदोलन से जोड़ा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष धरतीपुत्र महेश भारती ने कहा कि शिक्षा और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति विशेष और ना ही किसी एक कॉलेज का है, बल्कि पूरे कोडरमा के अस्तित्व की रक्षा के साथ जिले के छात्रों, युवाओं और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा का आंदोलन है। उन्होंने सभी छात्र-युवा, अभिभावकों एवं सामाजिक संगठनों से एकजुट होकर इस जन आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में संरक्षक सदस्य राम रतन अवध्या, सईद नसीम, कोषाध्यक्ष तौफीक हुसैन, सह सचिव , मो अली शाद, विनोद राम, प्रकाश रजक, विजय यादव, प्रकाश चंद्र राय, सुरेन्द्र भाई मोदी, संजय साजन, भानु प्रताप सिंह, संजीत चौधरी, महादेव दास सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे और आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### आठ सूत्री मांगों को लेकर पांच अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेरेंगे पंचायत सहायक

**रांची** : राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ, झारखंड प्रदेश ने अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में पांच अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव का ऐलान किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। चंद्रदीप कुमार ने बताया कि पांच अगस्त को राज्यभर के पंचायत सहायक मोराबादी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा के समीप एकत्र होंगे। इसके बाद सभी जुलूस की शक्ल में मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करेंगे और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करेंगे। संघ का आरोप है कि पंचायत सहायकों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। समय पर मानदेय का भुगतान नहीं होने तथा कम मानदेय के कारण पंचायत सहायकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाते हुए निश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघ की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल की वार्ता, पंचायत सहायकों का मासिक मानदेय 25,000 रुपये किए जाने, वार्षिक ग्रामसभा अनुमोदन की अनिवार्यता समाप्त करने तथा पंचायत सचिव के पदों पर 70 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग शामिल है। इसके अलावा अन्य लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की भी सरकार से अपील की गई है।

### छात्रों और युवाओं के मुद्दे पर कांग्रेस कर रही दोहरी राजनीति : साहू

**रांची** : झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी सीजीएल, उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामले को लेकर झारखंड भाजपा के सांसदों ने दिल्ली के मकर द्वार के समक्ष कांग्रेस की दोहरी राजनीति के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने छात्रों एवं युवाओं के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस दिल्ली में छात्रों के मुद्दे पर हाय तौबा मचा रही है, जबकि दूसरी तरफ झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी सीजीएल सहित अन्य भर्ती परीक्षा घोटाले पर उनकी जुबान पर ताला जड़ा हुआ है। उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में तो झारखंड के 19 बच्चों की मौत हो गई। कांग्रेस के नेताओं की जुबान इस मामले पर बंद क्यों है? साहू ने कहा कि जब-जब झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनी है, तब तब छात्रों, युवाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। कांग्रेस दोहरी राजनीति करती है। दिल्ली में मांग करती है कि जांच हो और झारखंड में पूरी तरह मौन है। 19 अभ्यर्थी उत्पाद सिपाही दौड़ में मारे गए हैं। कांग्रेस झारखंड में मांग करे कि उन मृत बच्चों के परिजनों को हेमंत सरकार एक-एक करोड रुपए मुआवजा तत्काल भुगतान करे।

राज्यपाल ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक पत्रिका अरुणोदय के लोकार्पण एवं आचार्य सम्मान समारोह में हुए शामिल, कहा

# गुरु का स्थान सर्वोच्च, शिक्षा का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में आयोजित विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अरुणोदय के लोकार्पण एवं आचार्य सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना का प्रेरणादायी केंद्र है। यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, सेवा, समर्पण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि संवेदनशील, संस्कारी और उत्तरदायी नागरिक तैयार करना है। ज्ञान तभी सार्थक है, जब उसके साथ नैतिकता, अनुशासन, विनम्रता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव भी जुड़ा हो।

राज्यपाल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि विद्यालय आधुनिक विज्ञान, तकनीक, कंप्यूटर शिक्षा, खेलकूद और नवाचार के साथ-साथ योग, संस्कृत, संगीत, नैतिक शिक्षा और भारतीय जीवन मूल्यों का भी संस्कार दे रहा है। ऐसी समन्वित शिक्षा व्यवस्था ही विकसित और सशक्त भारत के निर्माण का आधार बनेगी।

संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को अधिक समग्र, कौशल आधारित, भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जैसे संस्थान इस नीति के उद्देश्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, निरंतर सीखते रहने, अनुशासन को जीवन का आधार बनाने तथा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम, ईमानदारी, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। राज्यपाल ने आचार्यों से कहा कि उनके हाथों में केवल विद्यार्थियों का वर्तमान ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का भविष्य भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आचार्य अपने ज्ञान, समर्पण और आदर्श आचरण से नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करते रहेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

## गुरु पूर्णिमा पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम की ओर से संचालित पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। परमहंस डॉ. सदानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरुजनों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके चरणों में नमन किया।

महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राधा-कृष्ण की विशेष पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर भगवान का मनोहारी एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा-अर्चना के उपरांत भगवान को 51 किलो केसरिया खीर का विशेष भोग अर्पित किया गया।

इसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान गुरुजी श्री मंगल दासजी महाराज, श्री श्री 108 संत गुरु राधिका दासजी महाराज तथा परमहंस डॉ. सदानंद जी महाराज का विधिवत पूजन एवं वंदन किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर उनके बताए आदर्शों और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान दीप प्रज्ज्वलन, सामूहिक आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों और संकीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालु देर तक भजन-कीर्तन में शामिल होकर गुरु भक्ति और भगवान श्री राधा-कृष्ण की आराधना में लीन रहे।

## गुणवत्तायुक्त बीज से 75 प्रतिशत तक बढ़ सकता है उत्पादन : डॉ. पूनम जसरोटिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की सहायक महानिदेशक (पौधा संरक्षण एवं जैव सुरक्षा) डॉ. पूनम जसरोटिया ने कहा कि आधुनिक कृषि प्रबंधन तकनीकों के साथ गुणवत्तायुक्त बीजों का उपयोग करने पर फसलों के उत्पादन में 75 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने में उन्नत बीजों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और भविष्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसानों तक गुणवत्तायुक्त बीजों की समय पर उपलब्धता जरूरी है।

बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में आयोजित 23वीं बीज परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. जसरोटिया ने बताया कि वर्ष 2025-26 में देश में 376 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ, जिसमें गुणवत्तायुक्त बीजों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1969 से अब तक विभिन्न फसलों की 3276 उन्नत किस्में विकसित और अधिसूचित की जा चुकी हैं। इनमें 187 बायोफोटीफाईड तथा 587 जलवायु अनुकूल (क्लाइमेट रेजिलिएंट) किस्में शामिल हैं, जो बदलती जलवायु परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम हैं।

डॉ. पूनम जसरोटिया ने बताया कि नए बीज विधेयक पर संसद में चर्चा चल रही है। इसके कानून बनने के बाद बीज उत्पादन, भंडारण, परिवहन, विपणन, वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित नए प्रावधान लागू होंगे। इससे बीज क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था और मजबूत होगी। डॉ. जसरोटिया ने कहा कि आईसीएआर नई बीज किस्मों के विकास में लगने वाले समय को कम करने तथा बीज गुणन की प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, ताकि नई तकनीकों और उन्नत किस्मों का लाभ कम समय में किसानों तक पहुंच सके।

इस अवसर पर बीएयू के कुलपति डॉ. एस.सी. दुबे ने कहा कि किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उनकी आवश्यकता के

## गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज को मिले छह नए लेक्चरर : डॉ इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड सरकार ने राजकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय और अस्पताल, परसापानी (गोड्डा) में छह नए लेक्चररों की नियुक्ति की है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इसे राज्य में स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इससे पहले भी महाविद्यालय में चार लेक्चररों की नियुक्ति की जा चुकी है और शिक्षकों की संख्या बढ़ाकर नियमित पठन-पाठन सुनिश्चित किया जा रहा है।

इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा संस्थानों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर कॉलेज को बंद नहीं होने दिया जाएगा, बल्कि इसे बेहतर संस्थानों की श्रेणी में लाने के लिए आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उनका कहना था कि झारखंड के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा और बेहतर भविष्य देना सरकार की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कॉलेज और अस्पताल शिक्षा एवं सेवा के केंद्र हैं, इसलिए संस्थानों में सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए सीधे विभाग से संपर्क करने की अपील की। साथ ही बताया कि जल्द ही वह महाविद्यालय का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। उन्होंने उपायुक्त को भी संस्थान के सुचारु संचालन, सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं और बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मांडर में जल्द खुलेगा आधुनिक रोजगार केंद्र : बंधु तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मांडर प्रखंड में जल्द ही आधुनिक रोजगार केंद्र की शुरूआत होगी। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के मार्गदर्शन और विशंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्थापित होने वाला यह केंद्र क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है।

बुधवार को बंधु तिर्की ने प्रस्तावित रोजगार केंद्र का निरीक्षण किया और इसे अधिक आधुनिक, सुव्यवस्थित तथा युवाओं के लिए उपयोगी बनाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और विश्वसनीय रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

रोजगार केंद्र में निःशुल्क पंजीकरण, योग्यता के अनुरूप नौकरी, करियर परामर्श, दस्तावेज सत्यापन, जॉइनिंग प्रक्रिया में सहायता तथा पीएफ, ईएसआई और बीमा जैसी वैधानिक सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी।

इसके अलावा झारखंड के साथ-साथ गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली और अन्य राज्यों की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। समय-समय पर रोजगार मेलों का भी आयोजन किया जाएगा।

# इन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की समयसीमा खत्म, 5 अगस्त को जारी होगा मतदाता सूची का प्रारूप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत इन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 29 जुलाई को समाप्त हो गई। चुनाव आयोग के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र जमा कराए। अब जमा किए गए फॉर्म के सत्यापन और डिजिटाइजेशन के बाद 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

झारखंड में एसआईआर अभियान 30 जून से शुरू किया गया था। इसके तहत राज्य के सभी मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराए गए और बीएलओ ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन किया। राज्य में वर्ष 2026 की मतदाता सूची के अनुसार करीब 2.64 करोड़ मतदाता हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, अभियान के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के फॉर्म प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन पूरा किया गया। सात विधानसभा क्षेत्रों में इन्यूमरेशन चरण का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इनमें कोडरमा, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

एसआईआर अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता भी सामने आए जिनके फॉर्म वापस नहीं मिले। अधिकारियों के अनुसार करीब 30 लाख से अधिक इन्यूमरेशन फॉर्म अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। इनमें मृत मतदाता, स्थायी रूप से दूसरे स्थान पर चले गए मतदाता, अनुपस्थित मतदाता और अन्य स्थानों पर पहले से पंजीकृत मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन विभाग अब ऐसे मामलों की जांच करेगा। जिन मतदाताओं की जानकारी सत्यापित नहीं हो सकी है, उनके नामों को लेकर नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी। चुनाव आयोग का उद्देश्य मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित और दोहरे नामों को हटाकर सूची को अधिक सटीक बनाना है।

इन्यूमरेशन चरण पूरा होने के बाद अब निर्वाचन विभाग प्रारूप मतदाता सूची तैयार करेगा। 5 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद मतदाताओं को नाम जोड़ने, हटाने या किसी तरह की आपत्ति दर्ज कराने का अवसर मिलेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि जिन मतदाताओं का नाम किसी अन्य राज्य की मतदाता सूची में दर्ज है और वे झारखंड में नाम स्थानांतरित कराना चाहते हैं, वे प्रारूप सूची जारी होने के बाद दावा-आपत्ति अवधि में निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकेंगे।

एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए बीएलओ, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और अन्य चुनाव कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई थी। निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं से अपील की थी कि वे हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म समय पर जमा करें, ताकि उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

अब चुनाव विभाग का अगला फोकस फॉर्म की जांच, दावों और आपत्तियों के निपटारे तथा अंतिम मतदाता सूची तैयार करने पर रहेगा। एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद झारखंड की मतदाता सूची अधिक अद्यतन और त्रुटिरहित होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएसपीएमयू आदिवासी छात्र संघ ने प्रधान सचिव को सौंपा ज्ञापन



**रांची** : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार से मुलाकात कर छात्रहित से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्याओं के समाधान और शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। प्रधान सचिव से मुलाकात के दौरान विवेक तिर्की ने विश्वविद्यालय में सीटों में की गई कटौती वापस लेने, झारखंडी एवं जनजातीय भाषाओं के साथ कथित भेदभाव समाप्त करने, गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में संलिप्त शिक्षकों की जांच कराने, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू करने, छात्रों पर दर्ज कथित झूठे मामलों को वापस लेने, एआईसीटीई से संबंधित पाठ्यक्रमों की मान्यता की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने तथा 'एक व्यक्ति-एक पद' सिद्धांत लागू करने की मांग रखी। विवेक तिर्की ने कहा कि इन मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई होने से विश्वविद्यालय का शैक्षणिक माहौल बेहतर होगा, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और विद्यार्थियों के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा हो सकेगी। उन्होंने कहा कि छात्र लंबे समय से इन मुद्दों को उठा रहे हैं और अब इनका शीघ्र समाधान आवश्यक है। प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि छात्रहित से जुड़े सभी बिंदुओं पर विभाग स्तर पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन से चार माह के भीतर विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने की दिशा में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी प्रगति पर है, जिसे जल्द पूरा करने की दिशा में विभाग कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएगा, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। प्रधान सचिव से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल में सीमा मुर्मू सहित आदिवासी छात्र संघ के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### किडनी रोगों की समय पर पहचान से बच सकती है जान : डॉ. अशोक बैद्य



**रांची** : पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची के रीनल साइंसेज विभाग की ओर से बुधवार को 'एशेंशियल्स ऑफ रीनल केयर' विषय पर जन-जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किडनी एवं मूत्र संबंधी रोगों की समय पर पहचान, बचाव और आधुनिक उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। नेफ्रोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. अशोक कुमार बैद्य ने कहा कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक दर्द निवारक दवाओं का सेवन किडनी रोगों के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश किडनी रोग शुरूआती अवस्था में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के विकसित होते हैं। इसलिए नियमित रूप से रक्तचाप, ब्लड शुगर, यूरिन और किडनी फंक्शन की जांच कराना बेहद जरूरी है। समय रहते बीमारी की पहचान होने पर डायलिसिस और किडनी प्रत्यारोपण जैसी गंभीर स्थिति से काफी हद तक बचा जा सकता है। कंसल्टेंट डॉ. धीरज कुमार ने क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के शुरूआती उपचार और समय पर चिकित्सकीय परामर्श के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. सौमिक चटर्जी और डॉ. कुणाल कुमार सिंह ने मूत्र मार्ग एवं प्रोस्टेट संबंधी रोगों की समय पर जांच और उपचार की आवश्यकता बताई। डॉ. अमित कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यूरोलॉजिकल कैंसर की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार से मरीजों के सफल इलाज की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने लोगों से किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज नहीं करने और समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेने की अपील की। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए भी लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

### गुरु की प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित करना ही महर्षि वेदव्यास को सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. रंजीत



**रांची** : भारतीय शिक्षण मंडल, झारखंड प्रांत एवं आरटीसी बीएड महाविद्यालय, बूटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को गुरु पूर्णिमा (व्यास पूजा) उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, मां सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित गीत, संगीत और गुरु वंदना की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल, झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ. रंजीत मिश्रा ने महर्षि वेदव्यास के ज्ञान, दर्शन और भारतीय संस्कृति में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि भारतीयता पर आधारित शिक्षा व्यवस्था वर्तमान समय की आवश्यकता है, क्योंकि यही शिक्षा समाज और राष्ट्र के समग्र विकास का सशक्त आधार बन सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रिचा पद्मा ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के संवाहक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संस्कारों के संवर्धन और राष्ट्र निर्माण के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरु परंपरा के आदर्शों को आत्मसात करते हुए अनुशासन, सेवा और नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि आरटीसी कॉलेज के निदेशक डॉ. रुद्र नारायण महतो ने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि चरित्रवान, संस्कारित और राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना है।

# नामत्सो : तिब्बत की 'स्वर्गीय झील', जहां प्रकृति, आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम

तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में ल्हासा से लगभग 240 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम स्थित नामत्सो झील केवल एक प्राकृतिक जलाशय नहीं बल्कि तिब्बती संस्कृति, बौद्ध आस्था और वैज्ञानिक शोध का महत्वपूर्ण केंद्र है। तिब्बती भाषा में 'ग्नाम त्सो' कहलाने वाली इस झील का अर्थ 'स्वर्गीय झील' है। इसे तिब्बत की सबसे पवित्र झीलों में गिना जाता है और हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां आध्यात्मिक साधना और तीर्थयात्रा के लिए पहुंचते हैं। समुद्र तल से करीब 4,718 मीटर की ऊंचाई पर स्थित नामत्सो दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित बड़ी खारे पानी की झीलों में शामिल है। लगभग 1,920 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली यह झील करीब 70 किलोमीटर लंबी और 30 किलोमीटर चौड़ी है। इसकी अधिकतम गहराई लगभग 125 मीटर है। झील को मुख्य रूप से न्येनचेन तांगला पर्वतमाला से आने वाले हिमनदों के पिघले पानी और मौसमी जलधाराओं से जल मिलता है।

नामत्सो का प्राकृतिक सौंदर्य इसे एशिया के सबसे आकर्षक स्थलों में स्थान दिलाता है। नीले जल, बर्फ से ढंके पर्वत, विस्तृत घास के मैदान और गर्मियों में खिलने वाले जंगली फूल यहां की पहचान हैं। सर्दियों में पूरी झील बर्फ की मोटी चादर से ढंक जाती है।

कठोर जलवायु के बावजूद यह क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। यहां तिब्बती हिरण, कियांग, नीली भेड़, हिमालयी मर्मोट और तिब्बती लोमड़ी जैसे दुर्लभ वन्यजीव पाए जाते हैं। झील के आसपास की आर्द्रभूमि बार-हेडेड गूज, रड्डी शेलडक, ब्राउन-हेडेड गल और संकटग्रस्त ब्लैक-नेक्ड क्रेन जैसे प्रवासी पक्षियों का भी महत्वपूर्ण आवास है।

नामत्सो सदियों से तिब्बती घुमंतू समुदाय 'द्रोकपा' का निवास क्षेत्र रहा है। इनकी आजीविका याक, भेड़ और बकरियों के पालन पर आधारित है। पारंपरिक याक के बालों से बने तंबू, मक्खन वाली चाय, ऊनी वस्त्र और पशुपालन यहां की सांस्कृतिक पहचान हैं।

तिब्बती बौद्ध धर्म में नामत्सो को चार प्रमुख पवित्र झीलों में गिना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि झील की परिक्रमा और यहां प्रार्थना करने से पापों का नाश होता है तथा आध्यात्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। लगभग 70 से 80 किलोमीटर लंबी 'नामत्सो कोरा' परिक्रमा को अनेक श्रद्धालु कई दिनों में पैदल पूरी करते हैं, जबकि कुछ श्रद्धालु दंडवत प्रणाम करते हुए पूरी यात्रा संपन्न करते हैं। तिब्बती पंचांग के अनुसार 'भेड़ वर्ष' में, जो हर 12 वर्ष में आता है, यहां हजारों श्रद्धालु एकत्र होते हैं।

बौद्ध धर्म के आगमन से पहले भी यह झील बोन धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती थी। बाद में तिब्बती बौद्ध परंपरा ने इन मान्यताओं को अपने धार्मिक दर्शन में समाहित कर लिया। झील के निकट स्थित न्येनचेन तांगला पर्वत को नामत्सो का दिव्य सहचर माना जाता है।

नामत्सो के द्वीपों और चट्टानों पर स्थित गुफाओं और आश्रमों में बौद्ध भिक्षु लंबे समय तक ध्यान और साधना करते रहे हैं। ऐतिहासिक विवरण बताते हैं कि कई साधक पूरी गर्मियां इन निर्जन द्वीपों पर बिताते थे और सर्दियों में झील जमने के बाद ही वापस लौटते थे। धार्मिक महत्व के साथ-साथ नामत्सो वैज्ञानिक अनुसंधान का भी प्रमुख केंद्र बन चुका है। नामत्सो मल्टीस्फीयर ऑब्जर्वेशन एंड रिसर्च स्टेशन के वैज्ञानिक यहां जलविज्ञान, जलवायु, हिमनदों और पारिस्थितिकी तंत्र पर लगातार अध्ययन कर रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तापमान में वृद्धि, वर्षा के बदलते स्वरूप और तेजी से पिघलते हिमनदों का असर झील के जलस्तर और पूरे तिब्बती पठार की जल प्रणाली पर दिखाई दे रहा है। हाल के वर्षों में पर्यटन बढ़ने से नामत्सो तक पहुंच आसान हुई है। ताशी दोर प्रायद्वीप पर्यटकों के लिए प्रमुख प्रवेश द्वार बन चुका है।

# मित्रता है मानवता का सबसे मजबूत सेतु

ललित गर्ग

आज का विश्व अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उत्कर्ष का साक्षी है, लेकिन इसके समानांतर एक कठोर सच्चाई भी हमारे सामने है-मनुष्य पहले से अधिक अकेला, तनावग्रस्त और संबंधों से विहीन होता जा रहा है। परिवार छोटे हुए हैं, संवाद सीमित हुआ है, विश्वास कमजोर पड़ा है और संवेदनाएं लगातार क्षीण हो रही हैं। ऐसे समय में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता को बचाने का एक सांस्कृतिक और नैतिक अभियान है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 30 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस इस विश्वास को मजबूत करता है कि मित्रता केवल दो व्यक्तियों के बीच का संबंध नहीं, बल्कि देशों, संस्कृतियों, समुदायों और सम्पूर्ण मानवता के बीच शांति का सेतु है। 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस को मान्यता देते हुए स्पष्ट किया था कि यदि दुनिया में स्थायी शांति स्थापित करनी है तो उसके लिए हथियारों से अधिक प्रभावी माध्यम मित्रता, संवाद और पारस्परिक सम्मान है।

नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है। यही कारण है कि वैचारिक मतभेदों से मनभेद, प्रतिस्पर्धा से विरक्ति, और स्वार्थ से संवेदनहीनता जन्म ले रही है। ऐसे समय में दोस्ती ही एकमात्र ऐसा रिश्ता है जो इन सभी दीवारों को गिरा सकता है। यह केवल रिश्ता नहीं बल्कि एक मनःस्थिति, एक दृष्टिकोण, एक आध्यात्मिक अनुभव है। जहां यह




पर्व दक्षिण अमेरिकी देशों में 20 और 30 जुलाई को मनाया जाता है, वहीं भारत, मलेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों में यह अगस्त के पहले रविवार को धूमधाम से मनाया जाता है। युवाओं के लिए यह केवल गिफ्ट, सेल्फी और चॉकलेट तक सीमित रह गया है, जबकि इसकी मूल आत्मा है एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, स्वीकार करना और निभाना।

भारतीय संस्कृति ने तो हजारों वर्षों पूर्व ही इस सत्य को स्वीकार कर लिया था। हमारे यहां ह्यमित्रस्य चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम अर्थात समस्त प्राणियों को मित्र-दृष्टि से देखने की कामना की गई है। जैन दर्शन का मैत्री भाव, बौद्ध धर्म की मैत्री भावना, उपनिषदों का वसुधैव कुटुम्बकम् तथा संत परम्परा का प्रेम-दर्शन इसी वैश्विक मित्रता की आधारशिला हैं। मित्रता संसार का सबसे स्वाभाविक और सबसे स्वतंत्र संबंध है। जन्म से मिलने वाले रिश्तों के विपरीत मित्रता का चुनाव मनुष्य स्वयं करता है। इसमें न रक्त का बंधन है, न किसी सामाजिक अनुबंध की बाध्यता। यह विश्वास, आत्मीयता, सम्मान और स्वीकार्यता पर आधारित वह रिश्ता है जिसमें व्यक्ति बिना किसी भय और संकोच के स्वयं को अभिव्यक्त कर सकता है। सच्चा मित्र हमारी सफलताओं पर प्रसन्न होता है और हमारी असफलताओं में सबसे पहले हमारे साथ खड़ा दिखाई देता है।

श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता भारतीय संस्कृति में केवल दो मित्रों की कहानी नहीं है, बल्कि यह बताती है कि मित्रता का मूल्य धन, पद और वैभव से कहीं ऊपर है। श्रीराम और विभीषण की मित्रता यह संदेश देती है कि सत्य और धर्म के आधार पर स्थापित संबंध कभी नष्ट नहीं होते। इतिहास में ऐसी अनेक मित्रताएं हमें यह सिखाती हैं कि सच्चा मित्र वही है जो हमारे व्यक्तित्व का विस्तार बने, हमारे विवेक को जागृत करे और कठिन समय में हमारा संबल बने। किन्तु आज एक गंभीर प्रश्न हमारे सामने है-यदि मित्रता इतनी महान है तो समाज में वैमनस्य, हिंसा, घृणा और अविश्वास क्यों बढ़ रहा है? परिवारों में संवाद क्यों टूट रहा है? विचारों का मतभेद मनभेद में क्यों बदल जाता है? सोशल मीडिया पर हजारों फॉलोअर्स होने के बावजूद मनुष्य भीतर से इतना अकेला क्यों है?

इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हमने संबंधों को सुविधा का साधन बना लिया है। आज मित्रता भी स्वार्थ, उपयोगिता और अवसरवाद के तराजू पर तौली जाने लगी है। जब तक लाभ है तब तक मित्रता है, लाभ समाप्त होते ही संबंध भी समाप्त हो जाते हैं। ऐसी क्षणिक मित्रता वास्तव में केवल परिचय होती है, आत्मीयता नहीं। जहां स्वार्थ प्रवेश करता है, वहां विश्वास धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। तकनीक ने हमें जोड़ने का दावा किया, लेकिन उसने संवाद की आत्मा भी कहीं छीन ली। आज लोग घंटों मोबाइल स्क्रीन पर सक्रिय रहते हैं, परंतु अपने परिवार और मित्रों के साथ कुछ मिनट भी मन से नहीं बैठ पाते। इमोजी ने भावनाओं का स्थान ले लिया है और ऑनलाइन रहने वाला व्यक्ति वास्तविक जीवन में भावनात्मक रूप से ऑफलाइन होता जा रहा है। यही कारण है कि अकेलापन आज विश्व स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में गिना जाने लगा है।

विश्व के अनेक देशों में युद्ध, आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, नस्लीय भेदभाव और आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने मनुष्यों के बीच दीवारें खड़ी कर दी हैं। ऐसे वातावरण में मित्रता केवल व्यक्तिगत सुख का माध्यम नहीं, बल्कि विश्व शांति की आवश्यकता बन गई है। यदि राष्ट्र मित्रता की भाषा सीख लें, यदि समाज संवाद का मार्ग अपनाए और यदि व्यक्ति दूसरे के दुःख को अपना दुःख समझने लगे तो अनेक संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। मित्रता का वास्तविक अर्थ केवल साथ घूमना, हँसना और उत्सव मनाना नहीं है। मित्रता का अर्थ है दूसरे के सम्मान की रक्षा करना, उसकी अनुपस्थिति में भी उसके प्रति निष्ठावान रहना, उसकी कमियों को स्वीकार करते हुए उसके विकास में सहयोग देना तथा आवश्यकता पड़ने पर सत्य कहने का साहस रखना। जो मित्र केवल प्रशंसा करता है, वह हितैषी नहीं हो सकता। सच्चा मित्र वह है जो समय आने पर हमारी भूलों का भी निष्पक्ष संकेत करे।

आज आवश्यकता मित्रता की नई परिभाषा गढ़ने की है। मित्रता प्रेम से आगे बढ़कर करुणा का पर्याय बने। प्रेम में कभी-कभी अधिकार और अपेक्षाएं जन्म लेती हैं, जबकि करुणा में केवल समर्पण और परमार्थ होता है। जब मित्रता करुणा पर आधारित होती है, तब उसमें ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं बचता। यदि हम अपने जीवन में कुछ सरल सूत्रों को अपनाएं तो मित्रता का यह संबंध अधिक सशक्त बन सकता है एक-दूसरे की अच्छाइयों और कमियों को सहजता से स्वीकार करना, संवाद को कभी समाप्त न होने देना, विश्वास और पारदर्शिता बनाए रखना, कठिन समय में साथ खड़ा रहना तथा मित्रता को समय देना। संबंध समय मांगते हैं, केवल संदेश भेजने से आत्मीयता नहीं बनती। अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस विशेष रूप से युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की पीढ़ी डिजिटल माध्यमों से दुनिया भर से जुड़ रही है। यदि यही युवा विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का सम्मान करते हुए वैश्विक मित्रता का संदेश फैलाएं तो आने वाला विश्व अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय हो सकता है। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए जो संवाद, सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करें।

जैन आचार्यों ने मैत्री, प्रमोद, करुणा और मध्यस्थ जैसे चार भावों के माध्यम से मानव संबंधों का अद्भुत दर्शन प्रस्तुत किया है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने मन में केवल मैत्री का भाव विकसित कर ले तो न घृणा बचेगी, न हिंसा और न ही वैमनस्य। महावीर का संदेश-ह्यसभी जीव मेरे मित्र हैं, किसी से मेरा वैर नहींह्ल-आज के विश्व के लिए सबसे प्रासंगिक जीवन-दर्शन है। यह भी स्मरण रखना होगा कि मित्रता केवल समान विचारों वालों के बीच नहीं होती। विचार-भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन मन-भिन्नता विनाशकारी है। विचार-भेद से नए विचार जन्म लेते हैं, जबकि मन-भेद रिश्तों को तोड़ देता है। लोकतंत्र हो या परिवार, संस्था हो या समाज-जहाँ संवाद जीवित रहता है, वहाँ मित्रता भी जीवित रहती है।

आज जब रिश्तों की जमीन सूख रही है, संवेदनाएं बिखर रही हैं और मनुष्य स्वयं को भीड़ में भी अकेला महसूस कर रहा है, तब अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि दुनिया को सबसे अधिक आवश्यकता नई तकनीक की नहीं, बल्कि नए विश्वास की है, नई प्रतिस्पर्धा की नहीं बल्कि नई करुणा की है, नई शक्ति की नहीं बल्कि नई मित्रता की है। हम अपने जीवन में कम-से-कम एक ऐसा संबंध अवश्य बनाएं जिसमें स्वार्थ नहीं, विश्वास हो। अपेक्षा नहीं, अपनापन हो।

# सावन : आस्था, प्रकृति और शिव भक्ति का पावन संगम

उदय कुमार सिंह

भारतीय सनातन संस्कृति में श्रावण मास, जिसे सामान्य रूप से सावन कहा जाता है, धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से वर्ष का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। वर्षा ऋतु के मध्य आने वाला यह महीना केवल प्राकृतिक सौंदर्य और हरियाली का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि भक्ति, तप, संयम, लोकजीवन और सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि सावन का प्रत्येक दिन भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष फलदायी होता है। यही कारण है कि पूरे महीने देशभर के शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, कांवड़ यात्रा, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहती है।

सावन को 'पावस ऋतु' का प्रमुख महीना भी कहा जाता है। इस दौरान वर्षा से धरती हरी-भरी हो जाती है, खेत-खलिहानों में नई जान आ जाती है और प्रकृति अपने सबसे सुंदर स्वरूप में दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति और अध्यात्म का गहरा संबंध माना गया है। इसलिए श्रावण मास को प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और ईश्वर के प्रति समर्पण का पर्व भी कहा जाता है।

30 जुलाई से प्रारंभ होगा श्रावण मासहिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष श्रावण मास के



कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 जुलाई की रात 8 बजकर 5 मिनट से प्रारंभ होकर 30 जुलाई की रात 9 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार श्रावण मास का आरंभ 30 जुलाई 2026 से होगा और इसका समापन 28 अगस्त 2026 को श्रावणी पूर्णिमा के साथ होगा। इस वर्ष सावन 31 दिनों का रहेगा।

श्रावण मास में कुल चार सावन सोमवार पड़ेंगे। पहला सावन सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा 24 अगस्त को होगा। इन दिनों भगवान शिव के जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और व्रत-पूजन का विशेष महत्व माना गया है। देशभर के प्रमुख शिवालयों में लाखों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे।

शास्त्रों में कहा गया है– श्रावणे मासि यो भक्त्या शिवलिंगं प्रपूजयेत। सर्वपापविनिर्मुक्तः शिवलोकं स गच्छति।। अर्थात जो श्रद्धापूर्वक श्रावण मास में शिवलिंग की पूजा करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर अंततः शिवलोक को प्राप्त करता है।

शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा लिंग पुराण में श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वोत्तम समय बताया गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने में किए गए जप, तप, व्रत, दान और ध्यान का फल कई गुना बढ़ जाता है। शिव पुराण के अनुसार श्रावण मास में शिवलिंग पर जल, गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं तथा साधक को विशेष पुण्यफल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव का सर्वाधिक प्रिय माहपौराणिक कथाओं के अनुसार, श्रावण मास भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अनेक वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने श्रावण मास में उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। तभी से यह महीना शिव-पार्वती के दिव्य मिलन और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार भगवान शिव श्रावण मास में पृथ्वी लोक पर अपनी ससुराल आते हैं। उनके स्वागत में जलाभिषेक और विशेष पूजा की परंपरा प्रारंभ हुई, जो आज भी श्रद्धापूर्वक निभाई जाती है। समुद्र मंथन और नीलकंठ की कथाश्रावण मास का संबंध समुद्र मंथन की कथा से भी जोड़ा जाता है। पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी। संसार की रक्षा के लिए भगवान शिव ने उस विष का पान कर उसे अपने कंठ में धारण कर लिया। विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और तभी से वे 'नीलकंठ' कहलाए। मान्यता है कि विष की उष्णता को शांत करने के लिए देवी-देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। तभी से श्रावण मास में शिवलिंग पर जल अर्पित करने की परंपरा विशेष रूप से प्रचलित हुई। सावन सोमवार का विशेष महत्वश्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को 'सावन सोमवार' कहा जाता है। इन दिनों भगवान शिव के व्रत और पूजा का विशेष विधान है। विवाहित महिलाएं पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। श्रद्धालु प्रातःकाल स्नान के बाद शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं, रुद्राभिषेक कराते हैं तथा 'ॐ नमः शिवाय' और महामृत्युंजय मंत्र का जप करते हैं। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। रुद्राभिषेक और पूजन सामग्री का महत्वश्रावण मास में रुद्राभिषेक का भी विशेष महत्व बताया गया है। श्रद्धालु शिवलिंग का अभिषेक जल, गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर तथा गन्ने के रस से करते हैं। इसके बाद बेलपत्र, शमीपत्र, दूर्वा, कुश, धतूरा, भांग, आक के पुष्प तथा श्रीफल अर्पित किए जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। तीन पत्तियों वाला बेलपत्र शिव के त्रिनेत्र, त्रिगुण और त्रिदेव का प्रतीक माना जाता है। धतूरा, आक और भांग भी शिव पूजा में विशेष स्थान रखते हैं। मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक की गई पूजा से मानसिक शांति, आरोग्य, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

## सूडोकु नवताल- 7871

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7870 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# रिकॉर्ड एफडीआई ने बताया क्यों है दुनिया का भारत पर भरोसा !

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर वर्षों से अनेक तरह के राजनीतिक आरोप लगाए जाते रहे हैं। कभी कहा जाता है कि विदेशी निवेशक भारत से दूर जा रहे हैं, कभी यह दावा किया जाता है कि सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण वैश्विक कंपनियों का भरोसा टूट रहा है, किंतु इन तमाम विपक्षी राजनीतिक दावों को संसद में प्रस्तुत ताजा आंकड़ों ने नकार दिया है। क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 94.84 अरब डॉलर के सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का नया रिकॉर्ड बनाया है। यह इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के बड़े निवेशक भारत को भरोसेमंद और सबसे अधिक संभावनाओं वाले देशों में मान रहे हैं। वस्तुतः राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा प्रस्तुत आंकड़े आज बताते हैं, वित्त वर्ष 2024-25 में जहां सकल एफडीआई 80.61 अरब डॉलर था, वहीं अगले ही वर्ष यह बढ़कर 94.84 अरब डॉलर हो गया। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि नेट एफडीआई भी 0.96 अरब डॉलर से बढ़कर 6.95 अरब डॉलर पहुंच गया है। इसका अर्थ यह है कि विदेशी निवेशकों का वास्तविक भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि नेट एफडीआई में पहले जो गिरावट दिखाई दी थी, उसका प्रमुख कारण निवेशकों द्वारा लाभ लेकर पूंजी वापस ले जाना और भारतीय कंपनियों का विदेशों में तेजी से निवेश करना था। अर्थात भारत से पूंजी का बाहर जाना आर्थिक कमजोरी न होकर यह भारतीय उद्योगों के वैश्विक विस्तार का संकेत है। मोदी सरकार के दौर में निवेश को किया प्रोत्साहित भारत ने वर्ष 2014 के बाद विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए व्यापक आर्थिक सुधार किए हैं। रक्षा और रेलवे का क्षेत्र हो या बीमा, नागरिक उड्डयन, कोयला अथवा अंतरिक्ष, दूरसंचार, ई-कॉमर्स, सिंगल-ब्रांड रिटेल और डिजिटल सेवाओं के साथ विनिर्माण जैसे अनेक क्षेत्र, इन सभी में एफडीआई नियमों को उदार बनाया गया। इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार के मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, उत्पादन-संबंधित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, जीएसटी, दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और व्यापार सुगमता में सुधार जैसे अनेक कदमों ने भारत को निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाया। कहना होगा कि केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में भारत ने कई वर्षों तक 70 से 85 अरब डॉलर के बीच एफडीआई आकर्षित किया और अब 2025-26 में लगभग 95 अरब डॉलर का नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया। वस्तुतः यह दशार्ता है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। किन देशों ने भारत पर सबसे अधिक भरोसा जताया?मोदी सरकार के दौरान भारत में आने वाले एफडीआई का सबसे बड़ा स्त्रोत लगातार सिंगापुर रहा है। इसके बाद मॉरीशस का स्थान आता है, जोकि लंबे समय से भारत में निवेश का प्रमुख माध्यम रहा है। इनके अतिरिक्त जिन देशों ने भारत में उल्लेखनीय निवेश किया है, उनमें अमेरिका, नीदरलैंड, जापान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, केमैन द्वीप समूह प्रमुख हैं।

हाल के वर्षों में यूएई के साथ हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के बाद वहां से निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जापान ने औद्योगिक कॉरिडोर, मेट्रो रेल, ऑटोमोबाइल और हाई-टेक विनिर्माण में भारी निवेश किया है, जबकि अमेरिका की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत को अपने भविष्य के डिजिटल केंद्र के रूप में देख रही हैं। केवल सेवाएं नहीं, अब विनिर्माण भी आकर्षण का केंद्रसंयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की नवीनतम विश्व निवेश रिपोर्ट बताती है कि भारत सेवा क्षेत्र तक सीमित निवेश गंतव्य से आगे बढ गया है। अब यहां इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, अक्षय ऊर्जा, रक्षा उत्पादन, ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स और उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण में भी विदेशी कंपनियां तेजी से निवेश कर रही हैं। यही कारण है कि भारत ने वैश्विक एफडीआई रैंकिंग में दो स्थानों की छलांग लगाकर 13वें से 11वें स्थान पर पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

ग्रीनफील्ड निवेश में भी दुनिया का विश्वासवर्ष 2025 की सबसे बड़ी घोषित ग्रीनफील्ड परियोजना भारत में आई। अमेरिका की Alphabet Inc. ने लगभग 14.5 अरब डॉलर के डेटा सेंटर निवेश की घोषणा की। यह परियोजना निश्चित तौर पर भारत के डिजिटल भविष्य पर वैश्विक विश्वास का प्रतीक है। इसी प्रकार पोलैंड की Hynfra ने आंध्र प्रदेश में लगभग 4 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। हरित ऊर्जा, हाइड्रोजन और औद्योगिक अवसंरचना के क्षेत्र में ऐसे निवेश भारत को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार कर रहे हैं। भारतीय कंपनियां भी बन रही हैं वैश्विक खिलाड़ीमोदी सरकार ने आंकड़ों के आधार पर यह भी बताया है कि वर्ष 2022 में लागू उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) नियमों के बाद भारतीय कंपनियां विदेशों में तेजी से विस्तार कर रही हैं। टाटा समूह, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी समूह, इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, सन फार्मा, महिंद्रा समूह और अन्य भारतीय कंपनियां विश्व के अनेक देशों में निवेश बढ़ा रही हैं। वस्तुतः यह प्रवृत्ति बताती है कि भारत अब विदेशी निवेश लेने, उसे आमंत्रित करने के साथ वैश्विक निवेश करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बन रहा है।

## दैनिक पंचांग

30 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.52 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कन्या | 09.04 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.14 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.29 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.45 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 17.50 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.37 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.40 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृष | 00.20 बजे से |
| | | मिथुन | 02.18 बजे से |
| | | कर्क | 04.32 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 211 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा 21.31 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण 17.44 बजे को समाप्त।
**योग** आयुष्मान 00.06 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 08.51 बजे तदनन्तर कौलव 21.31 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 33'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872786
**जूलियन दिन** 2461251.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर **तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक | |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक | |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक | |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक | |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### एक साल बाद बेटे की घर वापसी, माता-पिता की आंखों में छलके खुशी के आंसू

**हंटरगंज :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बहेरी गांव से एक भावुक और सुखद खबर सामने आई है। करीब एक वर्ष पहले पढ़ाई को लेकर मां की डांट से नाराज होकर घर छोड़ने वाला 15 वर्षीय किशोर विकास कुमार आखिरकार सकुशल अपने परिवार के बीच लौट आया। बेटे को सामने देखकर माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े और पूरे परिवार में खुशी का माहौल छा गया। जानकारी के अनुसार, बहेरी गांव निवासी राजदेव यादव का पुत्र विकास कुमार 15 जुलाई 2025 को अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उन्होंने हंटरगंज थाना में आवेदन देकर बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बचत एवं भविष्य निधि विभाग की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय बचत एवं भविष्य निधि विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, सरकारी कर्मियों के पेंशन एवं भविष्य निधि से संबंधित मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS) से न्यू पेंशन स्कीम में पंजीकृत सरकारी कर्मियों की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा इस संबंध में अद्यतन अभिलेख संधारित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने नव नियुक्त सरकारी कर्मियों के सामान्य



भविष्य निधि नंबर निर्गत करने में लगने वाले समय की भी समीक्षा करते हुए प्रक्रिया को और अधिक त्वरित एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि भविष्य निधि की राशि पात्र कर्मियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, भविष्य निधि का भुगतान करने से पूर्व सभी आवश्यक प्रपत्रों एवं अभिलेखों का विधिवत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या विलंब की संभावना न रहे। बैठक में उपायुक्त ने जिला भविष्य निधि पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिन पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सेवानिवृत्ति में आगामी तीन माह शेष हैं, उनसे समय रहते फॉर्म-73 प्राप्त कर जिला पेंशन एवं भविष्य निधि कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पेंशन संबंधी सभी औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जा सकेंगी तथा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैठक में कोषागार पदाधिकारी उज्जवल चौरसिया व अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा




**पटमदा :** साउथ प्वाइंट स्कूल में गुरुपूर्णिमा उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गुरु वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, मधुर संगीत तथा भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। पूरे विद्यालय का वातावरण गुरु-भक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन में अच्छे संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का भी संचार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करने, उनके बताए मार्ग पर चलने तथा भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए करते नमन किया।

### एसडीओ ने धमना टोल प्लाजा को कराया अतिक्रमण मुक्त



**बरही :** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से लगातार मिल रही शिकायत के बाद बरही एसडीओ जोहन टुडू ने बुधवार को रसोईया धमना टोल प्लाजा के समीप किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। टोल प्लाजा के आस - पास अवैध रूप से दुकानें, ठेला - खोमचा और अस्थायी निर्माण कराए जाने की शिकायत काफी दिनों से मिल रही थी। वहीं, अतिक्रमण से वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। साथ ही टोल पर अनावश्यक भीड़ जुट जाती थी। एसडीओ ने बताया कि हाइवे की पटरियों पर अतिक्रमण यातायात के लिए खतरा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी। अतिक्रमण हटने के बाद टोल के आस - पास वाहनों की रफ्तार पहले की तुलना में काफी सहज दिखी। बता दें कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क को चौड़ा करना, दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना और वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाना।

## रोजगार की तलाश में गया मजदूर सड़क हादसे का शिकार, परिवार में मचा कोहराम

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता



**पुरुलिया :** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेकड़े गांव निवासी 40 वर्षीय विभीषण महतो की हैदराबाद में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में मातम छा गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, विभीषण महतो रोजी-रोटी कमाने के लिए हैदराबाद में मजदूरी करते थे। बताया गया कि काम से लौटने के दौरान वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तेलंगाना सरकार के उस्मानिया जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। अस्पताल के चिकित्सीय विवरण के अनुसार, दुर्घटना के बाद विभीषण महतो को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। उनके दोनों कानों और नाक से रक्तस्राव हो रहा था तथा पैर में गहरा घाव था। हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने इंट्यूबेशन कर उन्हें जीवनरक्षक उपचार दिया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का कहना है कि परिवार का सहारा छिन गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने इस घटना को प्रवासी मजदूरों की मजबूरी से जोड़ते हुए कहा कि यदि राज्य में पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध होते, तो बड़ी संख्या में लोगों को रोजी-रोटी के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ता।

## गुरु पूर्णिमा: परंपरा और तकनीक के बीच गुरु की भूमिका पर मंथन

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा, शिक्षा के बदलते स्वरूप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दौर में गुरु की भूमिका को लेकर एक विशेष चिंतन प्रस्तुत किया गया। इसमें महर्षि वेदव्यास के योगदान, प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था, आधुनिक शिक्षा प्रणाली तथा भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। लेख में बताया गया कि गुरु पूर्णिमा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और कृतज्ञता का प्रतीक है। महर्षि वेदव्यास को भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रथम संगठक बताते हुए उनके द्वारा वेदों के संकलन, महाभारत की रचना और पुराणों के माध्यम से ज्ञान के प्रसार को भारतीय संस्कृति की



अमूल्य धरोहर बताया गया। लेख में प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उस समय शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और समाज सेवा की भावना विकसित करना था। वहीं आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में तकनीक, डिजिटल माध्यम और कोचिंग संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से शिक्षा का स्वरूप बदलने की चर्चा की गई। विशेष लेख में शिक्षा के व्यवसायीकरण, विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव और अभिभावकों की अपेक्षाओं को भी गंभीर चुनौती बताया गया। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रभावी बना सकती है, लेकिन वह गुरु की करुणा, नैतिक मार्गदर्शन और मानवीय संवेदनाओं का विकल्प नहीं बन सकती। लेख के अंत में आह्वान किया गया कि आधुनिक तकनीक और भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों के समन्वय से ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित की जाए, जो विद्यार्थियों को केवल जानकारी ही नहीं, बल्कि विवेक, चरित्र और जीवन मूल्यों से भी समृद्ध बनाए। गुरु पूर्णिमा को इसी संकल्प और आत्ममंथन का पर्व बताया गया।

### मुखिया एवं पंसस ने 56 विद्यार्थियों के बीच किया साइकिल वितरण

**बड़कागांव :** प्रखंड बड़कागांव अंतर्गत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापोखुर्द कि विद्यार्थियों के बीच साईकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष देवनारायण कुमार साव एवं प्रधानाध्यापक सह सचिव शिवराम शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया की पंचायत के मुखिया गणेश साव एवं पंचायत समिति सदस्य गणेश साव दोनों ने हाथों विद्यालय के अष्टम वर्ग के कुल 56 छात्र-छात्राओं के बीच विभाग के द्वारा प्राप्त साईकिल का वितरण किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल,लोहरदगा**
**(E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)**

(जिला योजना अनाबद्ध निधि के अन्तर्गत)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या MID/LOHARDAGA/F2 – 40/2026-27 DATE – 28.07.2026

पत्रांक ............................../ दिनांक ........................................../

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 12.08.2026 से 13.08.2026 (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.08.2026 अपराह्न 2:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.08.2026 अपराह्न 4:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | ग्राम एकागुड़ी टंगरा टोली में लक्ष्मण उराँव के घर के पास पेयजल हेतु डीप बोरिंग–सह–जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | सेन्हा | डांडू | एकागुड़ी | 592287.00 | 1250.00 | 11900.00 | 02 माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 386121 Lohardaga(26-27).D



**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

–: आम सूचना :–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 जय गोविन्द मिश्र
↓
पत्नी शान्ति देवी
↓
अनिता देवी | शरदेन्दु नीरज | कुमारी विनिता | कुमारी बबिता

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 386213 District (26-27)_D


## श्रावणी मेला को लेकर मुरी स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**मुरी :** राजकीय रेल पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार ने श्रावणी मेला को देखते हुए बुधवार के दिन मुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को भीड़ पर नियंत्रण करना, स्टेशन परिसर में प्रवेश और निकास द्वार की समुचित व्यवस्था करना,कांवरियों की ठहरने की व्यवस्था पर जोर देते हुए कई अन्य महत्वपूर्ण बातों को बताया साथ ही यात्रियों एवं कांवरियों की पॉकेटमारी ना हो इसके लिए भी कई दिशा निर्देश दिये। स्टेशन पर कंट्रोल रूम के सहारे रोगियों को चिकित्सा उपलब्ध कराना,ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों का मोबाइल नंबर को स्टेशन परिसर में उपलब्ध कराने को लेकर,सीसीटीवी कैमरे के सहारे चप्पे-चप्पे पर विशेष नजर रखने,कांवड़ियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने का उद्देश्य से सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यापक व्यवस्था करने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अपील किया कि पुलिस पूरा सेवा भाव से चुस्ती दुरुस्ती तथा बिना लापरवाही किये अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे अन्यथा किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर चिकित्सा विभाग के सहायक मंडल चिकित्सा अधीक्षक जे कच्छप, राजकीय रेल थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह,रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट कमांडर संजीव कुमार एवं स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आदर्श मध्य विद्यालय बांगुड़दा में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन अबोध कालिंदी बने अध्यक्ष

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** आदर्श मध्य विद्यालय, बांगुड़दा में ग्राम प्रधान अश्विनी सिंह, मुखिया कल्याणी सिंह,सभी शिक्षक शिक्षिकाए ,अभिभावकों, पूर्व सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति के नव चयनित अध्यक्ष अबोध कालिंदी तथा उपाध्यक्ष तरुलता महतो के नाम की सर्वसम्मति से घोषणा किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु पद महंती ने नव चयनित सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी सदस्य विद्यालय तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देंगे। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षक ब्रह्मपद तिवारी, सुष्मिता खान, विनय कुमार पांडे, आशीष कुमार, फुलमनी कच्छप, सीआरपी मनोरंजन गोराई,अरुणा टोप्पो, अनीता गोराई, साधना महतो, दीप्ति रानी महतो, ज्योत्सना महतो, नवमी महतो, मिट्ठू रानी महतो,गोपाल चंद्र महतो, रेवती रजक,अबोध कुमार महतो, अजीत सिंह, विकास महतो,विष्णु महतो समेत सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। वही दूसरी तरह प्लस टू उच्च विद्यालय बांगुड़दा में विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्रीमंत मिश्रा, उपाध्यक्ष तनुजा मिश्रा, सचिव सुजीत सिट के नाम की घोषणा कर हुए कमिटी का विस्तार किया गया। पुनर्गठन में मुखिया कल्याणी सिंह, ग्राम प्रधान अश्वनी सिंह, प्राण कृष्ण कुंभकार, अनंत मिश्रा, अनाथ बंधु कुंभकार, इंद्रजीत दत्ता आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–18/2026–27

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय :– दिनांक **04/08/2026** को अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक **05/08/2026** को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक **05/08/2026** को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– **पुलिस अधीक्षक कार्यालय, ब्लॉक सी0, समाहरणालय, रामगढ़।**
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of Kitchen Cum Store in Gandhi Memorial CM SOE, Ramgarh | 24,28,300/- | 49,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 2 | Const. of Approach road & Stage with Shade in Gandhi Memorial CM SOE, Ramgarh | 16,25,700/- | 33,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 3 | Campus Development work Including Const. of Stage with shade in KGBV, Kaitha, Ramgarh | 21,86,800/- | 44,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 4 | Campus Development with repair & renovation of Class room & Toilet in UPG High School Kaitha, Ramgarh | 23,45,100/- | 47,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 5 | Construction of Boys & Girls Toilet at UPG HS Kaitha, Ramgarh | 9,90,800/- | 20,000/- | 1250/- | 3 माह |
| 6 | Const. of Guard room, Gate, Toilet, Septic tank & Renovation of Boundary wall in KGBV Gola, Block-Gola, Ramgarh | 20,59,000/- | 41,500/- | 5000/- | 3 माह |
| 7 | Emergent renovation of Janta H.S Chainpur, Block- Mandu, Ramgarh (Phase –II) | 20,07,200/- | 40,500/- | 5000/- | 3 माह |
| 8 | Emergent renovation of PM Shri UPG High School Tapin, Block-Mandu, Ramgarh | 10,52,600/- | 21,500/- | 2500/- | 3 माह |
| 9 | Emergent renovation of Janta H.S Chainpur, Block- Mandu, Ramgarh (Phase –I) | 24,92,400/- | 50,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 10 | Const. of Urinal for Boys & repair of School Buildig in Upgraded High School Sukrigarh Block-Chitarpur, Ramgarh | 21,94,100/- | 44,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 11 | Repair of School Building in High School Chitarpur, Block-Chitapru, Ramgarh | 24,49,800/- | 49,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 12 | Const. of Boundary wall and stage shed in High School Chitarpur, Ramgarh | 24,21,600/- | 49,000/- | 5000/- | 3 माह |
| 13 | Const. of parking shed stage shed, paver block & repairing of toilet block in KB+2 HS Lari, Block- Chitarpur, Ramgarh | 18,81,800/- | 38,000/- | 5000/- | 2 माह |
| 14 | Repair & Renovation (Block-2,3 & 6) KGBV Patratu, Ramgarh | 24,91,300/- | 50,000/- | 5000/- | 2 माह |
| 15 | Const. of Stage & Parking shade in C.C.L +2 High School, Naya Nagar, Patratu, Ramgarh | 12,87,500/- | 26,000/- | 2500/- | 3 माह |
| 16 | Repair of School Building in PM Shri UPG HS kulhi, Block-Dulmi, Ramgarh | 14,31,700/- | 29,000/- | 2500/- | 3 माह |
| 17 | Repair & Renovation work including increasing the height of Boundarywall in UPG H.S Kaitha, Ramgarh | 24,60,200/- | 49,500/- | 5000/- | 4 माह |
| 18 | Const. of stage with shed in UPG H.S Kaitha, Ramgarh | 8,51,100/- | 17,500/- | 1250/- | 2 माह |
| 19 | Repair & Renovation of KGBV Patratu, Ramgarh (Block-1) | 12,23,800/- | 25,000/- | 2500/- | 2 माह |
| 20 | Const. of Stage with shed and water treatment works in Jharkhand Avasiya Balika Vidyalaya Dulmi, Ramgarh | 6,52,800/- | 13,500/- | 1250/- | 2 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, रामगढ़।

PR.NO.386151 Building(26-27):D


# भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाले दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** सोमवार रात्रि असामाजिक तत्वों द्वारा बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत अंधारझोर गांव स्थित हाथीकुदा फुटबॉल मैदान में स्थापित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आई है। घटना से आदिवासी भूमिज मुंडा समुदाय में गहरा आक्रोश एवं क्षोभ व्याप्त है।



घटना के संबंध में आदिवासी भूमिज मुंडा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने बोडांम थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे लेकिन मुलाकात नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त किया।थाना प्रभारी किसी विभागीय कार्य से निकले हुए थे।आदिवासी समुदाय की मांग है प्रतिमा को क्षति पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान जल्द से जल्द करे उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करे । साथ ही समुदाय की ओर से प्रशासन से धरती आबा बिरसा मुंडा की नई प्रतिमा स्थापित करने में आवश्यक सहयोग एवं सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया।आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना के अध्यक्ष मानिक सिंह सरदार की अगुवाई में समुदाय ने इस कुकृत्य की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के महानायक ही नहीं, बल्कि जल-जंगल-जमीन, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक थे। उनका उलगुलान आदिवासी समाज के इतिहास में अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। समुदाय ने कहा कि धरती आबा की प्रतिमा को क्षति पहुंचाना पूरे आदिवासी समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है। ऐसे कृत्य को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन से मांग की गई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आदिवासी भूमिज मुंडा समुदाय ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर शीघ्र ही नई प्रतिमा स्थापित करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए तथा प्रतिमा स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान बलराम सिंह,लक्ष्मीकांत सिंह, चुआड़ सेना के निर्मल सिंह ,विभूति सिंह, फुलचांद सिंह, अध्यक्ष माणिक सिंह सरदार,मेनका सिंह सरदार, दीनबंधु सिंह, सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### तेज रफ्तार हाइवा ने स्कॉर्पियो को टक्कर मारी, तीन घायल

**बोकारो :** जरीडीह थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के पास एनएच-23 पर बुधवार अपराह्न करीब साढ़े चार बजे एक तेज रफ्तार पीले रंग की हाइवा ने रांची से आ रही स्कॉर्पियो (जेएच 01 बीएन 5338) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तीव्र थी कि स्कॉर्पियो 90 डिग्री पर घूम गई और उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी शाहजहां अंसारी ने बताया कि जैनामोड़ की ओर से तेज गति से आ रही हाइवा ने टर्निंग प्वाइंट पर चेतावनी न देकर स्कॉर्पियो को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद स्कॉर्पियो के चालक मुन्ना कुमार, सवार संजीत कुमार और बीच सीट पर सो रहे मनीष कुमार को तुरंत जरीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। घायल संजीत कुमार ने बताया कि वे तीनों रांची के चिरौंजी के निवासी हैं और करीब एक माह पहले धनबाद के कतरास में हुई बहन की शादी के बाद उसे रांची लाने के लिए कतरास जा रहे थे। सड़क हादसे की सूचना पर परिजन रांची से मौके की ओर रवाना हो गए। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोग और पुलिस ने बताया कि घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है, जबकि हाइवा चालक की पहचान और वाहन का पता लगाने के लिए टीमों को तैनात कर दिया गया है। जरीडीह थाना इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर रहा है और मामले की जांच जारी है।

### युवक की चाकू मारकर हत्या

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के न्यू बगीया स्थित दामोदर नदी के किनारे चाकू से गोद कर एक युवक की हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। डीएसपी हेडक्वार्टर अकरम राजा ने बताया कि दामोदर नदी जाने वाली पीसीसी पथ के किनारे बुधवार की सुबह खून से लथपथ एक शव मिला है। मृतक की पहचान झांझा चौक, कुम्हार टोली निवासी सुमित अग्रवाल, पिता स्व संतोष अग्रवाल के रूप में हुई है। युवक की तेज धारदार चाकू से मारकर हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार सुमित अग्रवाल मंगलवार शाम करीब सात बजे से अपने घर से लापता था। परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिलने के कारण उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने न्यू बगीया दामोदर नदी रोड किनारे खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई।

### जेल में बंद आरोपी की संदिग्धावस्था में मौत

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के पंडरा गांव निवासी व प्रेम - प्रसंग के मामले में लोहरदगा जेल में न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपित की जेल में संदिग्धावस्था में मौत के बाद पंडरा के ग्रामीण उबल पड़े। आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-39 कुडू - रांची मुख्य पथ को थाना क्षेत्र के पंडरा चौक के समीप जाम कर दिया। दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद न्यायिक जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के आश्वासन पर सड़क जाम हटाया गया। सड़क जाम के दौरान दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। बताया जाता है कि जाहिद परवेज़ उर्फ रिंकू पर गांव की एक लड़की ने प्रेम - प्रसंग का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए कुडू थाना में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करते हुए डेढ़ माह पहले न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया था।

# बीएकेएस ने एसएमएस-1 की 21 समस्याएं सीजीएम के समक्ष उठाईं, एक माह में समाधान की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने एसएमएस 1 के मुख्य महाप्रबंधक के साथ विभागीय समस्याओं को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित किया है। आधुनिकीकरण के बाद एसएमएस - 1 विभाग बोकारो इस्पात संयंत्र का सबसे नवीन विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। जो उत्पादन के रुप में नए, बने रहे रिकॉर्डों से भी प्रमाणित हो रहा है परंतु इस विभाग में कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं की सूची दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है, जिसके कारण यहाँ कार्यरत कार्मिकों को कई परेशानियों का सामना भी करना पर रहा है। एसएमएस-1 विभाग की प्रमुख समस्याएँ तथा मांग- 1. 18 मीटर, 14 मीटर एवं 36 मीटर उँचाई वाले कार्य क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए शुद्ध पेयजल का मुद्दा। 2. 18 मीटर क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा। 3. कास्टर क्षेत्र के बाथरूम जाम होने का मुद्दा। 4. कास्टर मैकेनिकल सेक्शन में चार्जमैन का पद लंबे समय से रिक्त होने का मुद्दा। 5. कास्टर क्षेत्र तथा बॉयलर मेंटेनेंस की टॉप रूफ की जर्जर एवं क्षतिग्रस्त शीटों के कारण वर्षा का पानी लगातार टपकने का मुद्दा। 6. क्रेन मेंटेनेंस के दौरान एसएमएस -1 में कनीय ग्रेड के कर्मचारी से शटडाउन लेने का मुद्दा। 7. एसएमएस-1 कन्वर्टर एवं कास्टर क्षेत्र की एप्रोच रोड, प्लांट मेडिकल से एसएमएस-1 जाने वाली सड़क तथा बॉयलर से कॉस्टर जाने वाले मार्ग की सड़क का क्षतिग्रस्त होने का मुद्दा। 8. एसएमएस-1 क्षेत्र की ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था खराब होने का मुद्दा। 9. एसएमएस-1 क्षेत्र में लटक रहे पुराने एवं जर्जर शीट से सुरक्षा खतरे का मुद्दा। 10. एसएमएस-1 के 18 मीटर क्षेत्र का फ्लोर अत्यधिक क्षतिग्रस्त होने तथा संचालन के दौरान अत्यधिक फ्लाई डस्ट उड़ने का मुद्दा। 11. कास्टर क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की समुचित पार्किंग व्यवस्था कराने का मुद्दा। 12. बॉयलर मेंटेनेंस के रेस्ट रूम में वर्षा का पानी भर जाने का मुद्दा। 13. मिक्सर एग्जॉस्टर कार्य नहीं करने तथा उसको बायपास कर संचालित करने का मुद्दा। 14. एसएमएस-1 बीएसएल कैंटीन के मैकेनिकल स्टोर साइड की सीलिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका का मुद्दा। 15. 8 मीटर क्षेत्र में पड़े अनावश्यक स्क्रैप को हटाने का मुद्दा। 16. कर्मचारियों के सुरक्षा हेतु जनरल शिफ्ट ऑपरेशन रूम के चारों ओर उचित शीट बैरिकेडिंग कराने का मुद्दा। 17. एसएमएस-1 के कर्मचारी ,श्री लक्ष्मीधर अधिकारी को स्वैच्छिक सुवानिवृती लेने हेतु बाध्य किए जाने का मुद्दा। शिकायत की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग। 18. यांत्रिक अनुभाग के कनीय कर्मचारियों को शट डाउन देने के लिए बाध्य करने पर शिकायत,शट डाउन लेने/देने की स्थिति स्पष्ट करने का मुद्दा। 19. यांत्रिक अनुभाग के कर्मियों को ड्यूटी समाप्त होने के पश्चात रुकने हेतु विवश करने का मुद्दा। 20. अचानक से बंद हुए एक्टिंग अलाउंस तथा इनसेंटिव को संशोधित करने का मुद्दा। 21. कास्टर क्रेन मैकेनिकल में ठेका कंपनी प्रोटेक्टिव इंजीनियरिंग के स्थाई सुपरवाइजर पदस्थापित करने का मुद्दा।

## बोकारो में चोरों का आतंक रात दो बजे तीन घरों में चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शहर के सेक्टर-12 थाना क्षेत्र अंतर्गत बागराबेड़ा मोहल्ले में रात को चोरों की ताबड़तोड़ गतिविधि से इलाके के लोग दहशत में हैं। पुलिस के मुताबिक, 27 जुलाई की रात लगभग 2:34 बजे घरों में चोरी की वारदातें सामने आईं। घटना का पूरा दृश्य पास लगे एक मकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एक के बाद एक कई आरोपित मौके पर पहुंचते हैं। चोरों ने चोरी किया गया सामान एक जगह इकट्ठा किया और क्रमशः अपने कंधों पर लादकर घरों से बाहर ले जाते देखे गए। फुटेज में चोरों की यह सजीव कार्रवाई और संगठित तरीके से चोरी करना स्पष्ट दिखता है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, बागराबेड़ा में तीन घरों से सामान गायब हुआ है। स्थानीय निवासी घटनास्थल पर जमा होकर चिंता जता रहे हैं और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रभावित परिवारों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है और सेक्टर-12 थाना ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इलाके के अन्य सीसीटीवी फुटेज, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और चोरी गए सामान के निशान जुटाने का काम तेज कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि फुटेज की मदद से आरोपितों की पहचान कर उन्हें जल्द हिरासत में लेने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही इलाके में उच्च सतर्कता बनाए रखने, और अन्य संभावित वारदातों से बचने के लिए गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## उमाकांत रजक की पहल रंग लाई, मृतक बुधन महतो के परिवार को मिला 4 लाख का मुआवजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विगत जनवरी माह में चंदनकियारी प्रखंड के आद्रकुड़ी ग्राम निवासी स्वर्गीय बुधन महतो की बकरी चराने के दौरान जंगली सुअरों के हमले में हुई असामयिक एवं दुखद मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। आज चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक के आवासीय कार्यालय में उनके प्रयास एवं वन विभाग के सहयोग से स्वर्गीय बुधन महतो की आश्रित पत्नी चुनमुनि देवी को वन विभाग द्वारा 3.75 लाख की मुआवजा राशि प्रदान की गई। इससे पूर्व 25,000 की तात्कालिक सहायता राशि भी उपलब्ध कराई जा चुकी थी। इस प्रकार पीड़ित परिवार को कुल ₹4,00,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक उमाकांत रजक ने कहा, किसी भी परिवार के मुखिया की असामयिक मृत्यु की क्षति की भरपाई कोई आर्थिक सहायता नहीं कर सकती, लेकिन सरकार का यह दायित्व है कि ऐसे कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहे। स्वर्गीय बुधन महतो जी के निधन के बाद मैंने संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क कर शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने का पहल किया था। मुझे संतोष है कि वन विभाग के सहयोग से यह सहायता राशि आज उनके आश्रित परिवार को उपलब्ध कराई गई। उन्होंने आगे कहा, जनता की हर समस्या का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी जरूरतमंद परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूँ। भविष्य में भी चंदनकियारी विधानसभा के प्रत्येक नागरिक के सुख-दुःख में सदैव उनके साथ खड़ा रहूँगा। इस अवसर पर वन विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बोकारो में एसआईआर-2026 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** सेक्टर- टू स्थित जायका हैपनिंग्स में बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डीसी अजय नाथ झा ने कहा कि एसआईआर-2026 के तहत आम मतदाताओं एवं बीएलओ की सहभागिता वाला चरण बुधवार रात 12 बजे के साथ संपन्न हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति रखने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन पात्र नागरिकों की किसी कारणवश एसआईआर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं हो सकी है, वे 05 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकेंगे। डीईओ सह डीसी ने कहा कि वर्ष 2003 के बाद पहली बार इस स्तर पर विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया है। इसका उद्देश्य स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा अन्य आवश्यक संशोधनों का सत्यापन कर मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से किसी भी पात्र मतदाता का मतदान का अधिकार समाप्त नहीं होता, बल्कि भविष्य में भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत नाम जोड़ा जा सकता है। कहा जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर-2026 के तहत डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। 34-गोमिया विधानसभा क्षेत्र में 3,19,737, 35-बेरमो विधानसभा क्षेत्र में 3,31,728, 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 5,97,439 तथा 37-चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में 2,86,363 गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया गया। इस प्रकार जिले के कुल 15,35,267 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण कर जिला ने निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल कर लिया। एआरओ सह एसडीएम चास प्रांजल ढांडा ने बताया कि एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए, जिला प्रशासन द्वारा प्रचार रथ, सोशल मीडिया, मीडिया संवाद, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के सहयोग से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई गुरु पूर्णिमा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बालीडीह शिवपुरी में बुधवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता मिश्रा, विद्यालय अध्यक्ष संतोष दुबे एवं विद्यालय के संरक्षक प्रभाकर मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गुरु ज्ञान ही प्रकाश है, गुरु ही जीवन के पथप्रदर्शक है- विद्यालय अध्यक्ष संतोष दुबे ने कहा कि गुरु ज्ञान ही जीवन में प्रकाश को प्रज्वलित करता है। जीवन का सबसे बेहतर पथ प्रदर्शक गुरु होते हैं, इनके बिना जीवन को सफल बनाना लगभग असंभव है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर स्वागत नृत्य, गुरु वंदना, गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सभी आचार्य, दीदी जी एवं कर्मचारियों को सम्मान स्वरूप वस्त्र भेंट कर गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।

# 'पीटर थंगराज मेमोरियल' ग्रामीण फुटबॉल चैंपियनशिप का हुआ आगाज, रोमांचक मुकाबलों से हुई शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान में 29 जुलाई को 'पीटर थंगराज मेमोरियल' ग्रामीण युवा फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का शुभारंभ हुआ। बोकारो के परिधीय ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने, सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने तथा उभरते फुटबॉल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन 29 जुलाई से 02 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

इस टूर्नामेंट का आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कर्मचारी (1976-1997), अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, पूर्व ओलंपियन फुटबॉलर तथा वर्ष 1958 में 'एशिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' रहे स्वर्गीय पीटर थंगराज की स्मृति में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में बोकारो ग्रामीण फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 की क्वार्टर फाइनलिस्ट 8 ग्रामीण एवं अकादमिक टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें भर्रा क्, तुपकाडीह, परटांड, झोपड़ो, नरकरा, राधानगर, शिबुटांड और सेल फुटबॉल अकादमी की टीम शामिल हैं। प्रतियोगिता का आगाज 29 जुलाई को राउंड ऑफ एट के रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। इस चरण में खेले गए मैचों में भर्रा ने नरकरा को 2-1 से पराजित किया, सेल फुटबॉल अकादमी ने तुपकाडीह को 9 -0 से पराजित किया, परटांड ने झोपड़ो को 2-0 से मात दिया जबकि राधानगर की टीम शिबुटांड के खिलाफ 2-1 से विजयी रही। इस चरण के सफल संचालन के पश्चात 31 जुलाई को दोनों ग्रुपों की शीर्ष टीमों के मध्य सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 01 अगस्त 2026 को इस चैंपियनशिप का खिताबी फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ गुरूपूर्णिमा उत्सव मनाया गया




**बोकारो :** चंद्रपुरा के दुगदा में पं बागेश्वरी पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर दुगदा में बहुत ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ गुरूपूर्णिमा उत्सव सह महर्षि वेदव्यास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी एवं सहयोगी आचार्य नकुल चंद्र महतो एवं श्रुति कुमारी ने ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना के पश्चात संपन्न हुआ गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने साथ भगवा ध्वज के समक्ष गुरूदक्षिणा समर्पित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया सोनु कुमार महतो ने कहा कि आज का दिन गुरूओ के प्रति सम्मान एवं आदर का दिन है गुरू अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। बहन नव्या कुमारी,बहन तेजस्विनी कुमारी, बहन रौशनी कुमारी, बहन श्रेया सिंह ,बहन एंजल प्रिया ने गुरू पूर्णिमा के महत्व के विषय में चर्चा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी जी ने कहा कि आज का यह पावन दिवस गुरू शिष्य परंपरा को सुदृढ करने का दिन है। भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा सभी आचार्य दीदी जी को उपहार भेंट किया गया। विद्यालय के सचिव ऋषिकांत तिवारी ने कहा कि आज का पावन दिवस गुरूओ के प्रति आस्था और विश्वास के लिए समर्पित है। आज का दिवस गुरू शिष्य परंपरा को सुदृढ करने कि दिवस है। आज का पावन दिवस गुरू को के प्रति आस्था सम्मान और विश्वास का दिन है। कार्यक्रम में समस्त आचार्य दीदी जी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

### सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज में एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार बोकारो के विद्यार्थियों ने सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व नगर का मान बढ़ाया है। प्राचार्य डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि इस परीक्षा में विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र यशवर्द्धन सिंह, अर्णव द्विवेदी एवं उज्ज्वल कुमार ने अपनी असाधारण गणितीय प्रतिभा, तार्किक क्षमता एवं समस्या-समाधान कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि विकसित करने, तार्किक चिंतन को बढ़ावा देने एवं वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में गणितीय अवधारणाओं के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना विद्यार्थियों की उच्च बौद्धिक क्षमता, कठिन परिश्रम व समर्पण का परिचायक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को चुनौतियों से निबटने के लिए तैयार किया जाता है। साथ ही उन्हें विविध प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का गुर बताया जाता है। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी सफलता की राह पर आगे बढ़ रहे है। विद्यार्थियों की सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों व शिक्षकों के योगदान की भी सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सफल छात्र भविष्य में भी विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यशवर्द्धन सिंह, अर्णव द्विवेदी व उज्ज्वल कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर बीजीएच में निःशुल्क फाइब्रोस्कैन शिविर का हुआ आयोजन




**बोकारो :** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के मेडिसिन विभाग द्वारा निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन किया गया। दिनभर चले इस शिविर का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सकों तथा अस्पताल के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। फाइब्रोस्कैन जांच के माध्यम से लीवर की स्टिफनेस का आकलन किया जाता है। यह जांच विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा, लंबे समय तक शराब के सेवन, क्रोनिक हेपेटाइटिस-बी तथा क्रोनिक हेपेटाइटिस-सी संक्रमण से संबंधित फैटी लिवर के मरीजों के लिए उपयोगी मानी जाती है। यह एक त्वरित, दर्दरहित और बिना किसी चीरे-टांके वाली (नॉन-इनवेसिव) जांच है। चिकित्सकों के अनुसार, यह क्रोनिक लिवर रोगों की पहचान के लिए अल्ट्रासोनोग्राफी की तुलना में अधिक उन्नत तकनीक है, जिससे गंभीर लिवर रोगों का प्रारंभिक चरण में पता लगाकर समय पर उपचार संभव हो पाता है। शिविर के दौरान उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि लिवर रोगों की समय पर पहचान से उनका प्रभावी उपचार किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बीजीएच में आयोजित निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर के दौरान लगभग 90 मरीजों की चिकित्सकों द्वारा फाइब्रोस्कैन के माध्यम से जांच की गई।

### सऊदी अरब से सत्येंद्र महतो का शव गांव पहुंचा, परिजनों में मचा कोहराम

**गोमिया :** जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत कतवारी गांव के प्रवासी मजदूर सत्येंद्र महतो का शव एक महीने बाद बुधवार सुबह सऊदी अरब से गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शव देखते ही परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र महतो 26 नवंबर 2024 को रोजगार की तलाश में सऊदी अरब गए थे। वहां वे हमद सालेह अल-काफ कॉन्ट्रैक्टिंग एस्टैब्लिशमेंट कंपनी में ट्रक ड्राइवर के रूप में काम करते थे। 25 जून को सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई थी। सत्येंद्र महतो अपने पीछे पत्नी, पुत्री प्रीति कुमारी (21 वर्ष), पुत्र अरविंद कुमार और मंगेश कुमार (13 वर्ष) को छोड़ गए हैं। मौके पर प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी विदेशों से महीनों बाद शव आने के मामले सामने आते रहे हैं।

एक नजर

## कॉलेज छात्रा ने फांसी लगा कर की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज** : नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिचला टोला, ज्ञानदा गली निवासी संजय कुमार रजक की 21 वर्षीय पुत्री साहिबगंज कॉलेज बीए सेमेस्टर-2 की छात्रा नमिता कुमारी ने अपने घर के एक कमरे में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता डक व्हाइट दुकान संचालक संजय कुमार रजक ने बताया कि सुबह नौ बजे घर में पुत्री को उठने को आवाज दिया तो नहीं उठी। इसके बाद चाय पीकर दुकान चला गया। दोपहर लगभग दो बजे छोटा भाई ने फोन करके सूचना दी कि पुत्री ने फांसी लगा ली है। उन्होंने घर पहुंच इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक के चाचा ने बताया कि भतीजी की मां व अन्य सदस्य रिलेटिव के यहां किसी कार्य के लिए गए हुए थे, वापस घर आया तो देखा तो अभी तक नहीं उठी है तो छोटी बहन ने आवाज दी। दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की खोलकर देखा तो दुपट्टे से लटकी हुई मिली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नहाने के दौरान तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

**साहिबगंज**: तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के नीमगाछी गांव में बुधवार को नहाने के दौरान तालाब में डूबने से एक 12 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुभाष चंद्र दास की पुत्री तनु दास (12) दोस्तों के साथ घर से कुछ दूरी पर तालाब में नहाने गई थी। इसी दौरान किसी तरह वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई साथ नहा रहे अन्य दोस्तों के द्वारा हो हल्ला करने पर आसपास नहा रहे लोगों के द्वारा खोजबीन करते हुए परिजनों की इसकी सूचना दिया। परिजनों ने भी पोखर में पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद उसे तालाब से निकला गया और आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ के द्वारा जांच करने के बाद किशोरी को मृत्य घोषित कर दिया। शव को परिजनों के द्वारा घर ले जाया गया है। हालांकि अस्पताल प्रशासन के द्वारा संबंधित थाना पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई थी। वहीं मृतक के दादा-दादी एवं माता-पिता सहित पूरे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## श्रद्धालुओं से भरा एक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, श्रद्धालु घायल

**साहिबगंज**: जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के घाट जमनी पंचायत अंतर्गत बुधवरिया गांव के समीप बुधवार देर शाम श्रद्धालुओं से भरा एक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन में सवार 11 श्रद्धालुओं में से चार से पांच लोग घायल हो गए। सभी श्रद्धालु मोतीझरना धाम में बाबा मोतीनाथ की पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर पश्चिम बंगाल स्थित अपने घर लौट रहे थे। जानकारी अनुसार वाहन डब्लू बी 60 के 3643 बुधवरिया गांव के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वाहन में सवार महिलाएं और बच्चे समेत कई श्रद्धालु अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही राजमहल थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला तथा एंबुलेंस से तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बरहरवा-पाकुड़ एनएच-133ए की बदलेगी सूरत पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने किया निरीक्षण

### जर्जर सड़क की मरम्मत और संकीर्ण हिस्सों में गार्डवाल निर्माण की तैयारी, डीपीआर जल्द बनाने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : साहिबगंज और पाकुड़ जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली पाकुड़-बरहरवा एनएच-133ए की जर्जर स्थिति को सुधारने की दिशा में पहल तेज हो गई है। बुधवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त हिस्सों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि पाकुड़-बरहरवा मुख्य मार्ग के कई हिस्से पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर जलजमाव होने से आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत अब अत्यंत आवश्यक हो गई है। पूर्व मंत्री ने केंचुआ पुल से भीमपाड़ा तथा श्रीकुंड से पलाशबोना तक के संकीर्ण मार्गों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इन स्थानों पर सड़क के दोनों किनारों पर गार्डवाल निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी और दोनों ओर से वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सड़क मरम्मत और गार्डवाल निर्माण के लिए शीघ्र विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इस सड़क का पूर्व में हुआ मेंटेनेंस अनुबंध समाप्त हो चुका है, इसलिए पुराने संवेदक से कार्य नहीं कराया जा सकता। अब नई प्रक्रिया के तहत मरम्मत कार्य कराया जाएगा। आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार के लिए गंभीरता से काम कर रही है और दूर-दराज के क्षेत्रों तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की सभी खराब सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान एनएच के सहायक अभियंता राकेश भगत, कनीय अभियंता देव सोरेन तथा विक्टर बेसरा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरसात के मौसम में सतर्क रहें, मलेरिया एवं डेंगू से बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय : उपायुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले में बरसात के मौसम में मलेरिया एवं डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों से सतर्कता बरतने तथा बचाव के उपायों को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से इन बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि मलेरिया और डेंगू संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलने वाले गंभीर रोग हैं। तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर एवं मांसपेशियों में दर्द, अत्यधिक कमजोरी, भूख न लगना अथवा अन्य संबंधित लक्षण दिखाई देने पर बिना विलंब किए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मलेरिया एवं डेंगू की जांच एवं उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पानी का जमाव नहीं होने देने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, पानी संग्रहित करने वाले बर्तनों को ढंककर रखने तथा कूलर, टंकी, गमलों एवं अनुपयोगी पात्रों की नियमित सफाई करने की अपील की। साथ ही, रात्रि में मच्छरदानी का उपयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनने तथा मच्छरों से बचाव के अन्य उपाय अपनाने का भी आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा कि मलेरिया एवं डेंगू से बचाव केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही संभव है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखे और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करे, तो इन बीमारियों के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है। आइए, हम सभी मिलकर अपने परिवार, गांव और पूरे जिले को मलेरिया एवं डेंगू मुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## बरहरवा प्रफेसर कॉलोनी में एक व्यक्ति ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र के बिंदुधाम पथ स्थित वार्ड संख्या-2 की प्रोफेसर कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने कथित रूप से फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राकेश राय के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार देर रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने राकेश राय के घर में संदिग्ध स्थिति देखकर इसकी सूचना बरहरवा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई मुकेश राय ने बताया कि पड़ोसियों से सूचना मिलने के बाद वह अपनी मां एवं अन्य परिजनों के साथ बुधवार सुबह लगभग 11 बजे पटना से बरहरवा पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार, राकेश राय बाकुडी स्थित एक क्रशर कंपनी में पिछले कई वर्षों से मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि उनकी दो शादियां हुई थीं। पहली पत्नी अपने दो बच्चों के साथ बिहार के दानापुर में रहती है, जबकि दूसरी पत्नी उनके साथ बरहरवा स्थित आवास में रह रही थी। राकेश राय अपने पीछे दो पत्नियां और चार बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं।सूत्रों के मुताबिक, राकेश राय और उनकी दूसरी पत्नी के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि घटना के समय दूसरी पत्नी भी घर में मौजूद थी।

## राधानगर पंचायत में वित्तीय अनियमितता का आरोप, डीसी से निष्पक्ष जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के उधवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राधानगर में विकास योजनाओं और पंचायती राज व्यवस्था के क्रियान्वयन में व्यापक धांधली व वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। पूर्व मुखिया तालामय सोरेन ने उपायुक्त को लिखित स्मार निवेदन देकर आरोप लगाया है कि पंचायत प्रतिनिधि और उनके सहयोगियों द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए नियमों की अनदेखी की जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पंचायत में मासिक कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन न कर बिना प्रशासनिक स्वीकृति के ही मनमाने ढंग से सरकारी राशि का खर्च किया जा रहा है। आवेदन में उजागर किए गए प्रमुख बिंदुओं के अनुसार, योजनाओं के नाम बार-बार बदलकर राशि निकासी करने, जरूरतमंदों की जगह अपात्रों को सामग्री वितरण करने तथा निजी परिसरों व घरों के अंदर सरकारी खर्च पर योजना कार्य कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा, पंचायत भवन की मरम्मत, रंग-रोगन तथा जलापूर्ति व्यवस्था के नाम पर 15वें वित्त आयोग से बिना वास्तविक कार्य किए लाखों रुपये की निकासी का मामला भी रेखांकित किया गया है। वहीं, स्थानीय मजदूरों का बकाया भुगतान न करने तथा पेसा कानून के तहत कागजी व फर्जी विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर आदिवासी अधिकारों के हनन का आरोप भी लगाया गया है। पूर्व मुखिया तालामय सोरेन ने मांग की है कि मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रखंड व जिला स्तरीय संबंधित अधिकारियों से इतर एक स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच दल गठित कर मामले की बिंदुवार जांच कराई जाए।

## लिट्टीपाड़ा हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा, महिला की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के शामपुर गांव में महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का पाकुड़ पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 28 जुलाई को शामपुर गांव में एक महिला की कुल्हाड़ी से सिर और गर्दन पर वार कर हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में लिट्टीपाड़ा थाना कांड संख्या 43/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी एवं मानवीय आसूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर शामपुर निवासी 55 वर्षीय हथीया हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा कुल्हाड़ी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध अग्रेतर कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विवेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार पंडित, मोतिलाला मिश्र, सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार मंडल, तकनीकी शाखा की टीम तथा लिट्टीपाड़ा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# चार अगस्त को शिबू सोरेन की प्रतिमा अनावरण को ऐतिहासिक बनाने में जुटा झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**महेशपुर** : पाकुड़ जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महेशपुर प्रखंड समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 4 अगस्त को पाकुड़ के पुराने डीसी ऑफिस चौक पर झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेता एवं झामुमो के संरक्षक रहे स्वर्गीय शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रस्तावित आदमकद प्रतिमा अनावरण सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक का संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष मैईनुद्दीन अंसारी ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव माईकिल मुर्मू मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महेशपुर प्रखंड की सभी पंचायतों में माइकिंग के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही झामुमो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को 4 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे पाकुड़ पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे। जिला सचिव माईकिल मुर्मू ने कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन केवल झामुमो के संस्थापक ही नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन के सबसे बड़े जननायक और आदिवासी अधिकारों के प्रखर योद्धा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन जल, जंगल, जमीन और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनके संघर्ष और नेतृत्व के कारण ही अलग झारखंड राज्य के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ तथा उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया। प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद ने कहा कि शिबू सोरेन के संघर्ष, त्याग और नेतृत्व से आज भी झारखंड की नई पीढ़ी प्रेरणा ले रही है। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि जिला समिति की ओर से कार्यकर्ताओं के पाकुड़ आने-जाने के लिए वाहन एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। बैठक में जिला संगठन सचिव अनारूद्दीन मियां, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रूहुल अमीन, छात्र मोर्चा के जिला सचिव तौसीफ इकबाल सहित प्रखंड एवं पंचायत स्तर के बड़ी संख्या में झामुमो पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## शिवगादी के पास श्रद्धालुओं से भरी टीयूवी नाले में गिरी, एक ही परिवार के पांच घायल



**साहिबगंज** : जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के शिवगादी कीटाटोला के समीप बुधवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के एक ही परिवार के पांच श्रद्धालु घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के नीमतित्ता से आए श्रद्धालु शिवगादी धाम में पूजा-अर्चना करने जा रहे थे। इसी दौरान उनका चार पहिया वाहन टीयूवी 300, संख्या (डब्ल्यू बी 68 एक्स 3789) अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे नाले में घुस गया। घायलों ने बताया कि स्टीयरिंग जाम हो जाने के कारण चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और गाड़ी मुख्य सड़क से नीचे चली गई। घायलों में नीमतित्ता, समशेरगंज निवासी सीता सिंह (47), अरिदम सिंह (11), बेतिका सिंह (43), ईति सिंह (50) और सुमित सिंह (25) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को शिवगादी स्थित स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां सीएचओ निकिता रावत, एमपीडब्ल्यू सतीश प्रसाद तथा एएनएम निर्मला कुमारी ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। पुलिस ने वाहन को नाले से निकलवाकर थाने लाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## श्रावणी मेले को लेकर मोतीझरना धाम में एसडीओ ने तैयारियों का लिया जायजा



**साहिबगंज**: जिले के तालझारी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध धार्मिक मोतीझरना धाम में गुरुवार से प्रारंभ होने वाले पवित्र श्रावण मास मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं। इसी क्रम में आज अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल, सदानंद महतो ने मेला क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई पेयजल, शौचालय, विश्राम गृह, स्वच्छता, सुरक्षा तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों एवं मेला समिति के सदस्यों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि श्रावण मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मेला अवधि के दौरान प्रत्येक व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दे, किसी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें, स्वच्छता बनाए रखें तथा मेला परिसर में अनुशासन एवं सहयोग की भावना के साथ अपनी धार्मिक यात्रा को सफल बनाएं।

## तेज रफ्तार दो बाइकों की आपस में टक्कर चार युवक घायल



**साहिबगंज**: जिले के रांगा थाना क्षेत्र के बिशनपुर रोड स्थित विजयपुर के समीप मंगलवार देर रात करीब नौ बजे तेज रफ्तार के कारण दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बरहरवा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया। घायलों की पहचान बिशनपुर निवासी भविश ठाकुर (26 वर्ष), वाहिद अली (25 वर्ष), कृष्ण दास (20 वर्ष) और इमरान अंसारी (18 वर्ष) के रूप में हुई है। भविश ठाकुर के बाएं हाथ और पैर में गंभीर चोट आई है। वाहिद अली के दाहिने हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोट लगी है। कृष्ण दास के दोनों पैर टूट गए हैं, जबकि इमरान अंसारी के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक काफी तेज गति से चल रही थीं। ओवरस्पीडिंग के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके और आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू किया और किसी तरह घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इसके बावजूद कई युवा तेज रफ्तार में बाइक चलाने से बाज नहीं आते, जिसका खामियाजा इस तरह के गंभीर हादसों के रूप में सामने आता है। लोगों ने युवाओं से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित गति से वाहन चलाने की अपील की है, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## आज से शुरू होगा 20वां नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर, तैयारियां पूरी



**पाकुड़** : व्याहुत कलवार सेवा समिति, पाकुड़ की ओर से 20वें नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। शिविर का आयोजन बिहार के बांका जिला स्थित तरपतिया-कटोरिया में किया जाएगा, जहां बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले कांवरियों को नि:शुल्क भोजन, विश्राम, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 19 वर्षों से लगातार शिवभक्तों की सेवा की परंपरा निभाई जा रही है। इस वर्ष भी शिविर को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शिविर का लाभ उठाने एवं सेवा कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

# आईजी ने की समीक्षा, एनडीपीएस मामलों के त्वरित निष्पादन और अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को चतरा जिले का दौरा कर कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध, नक्सल गतिविधियों तथा एनडीपीएस अधिनियम से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निष्पादन, नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा पुलिसिंग को अधिक परिणामोन्मुख बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं चतरा आगमन पर आईजी को समाहरणालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में रामगढ़ एवं चतरा जिले के वरीय एवं कनीय पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की गुणवत्ता, लंबित मामलों के निष्पादन, संगठित अपराध, नशा तस्करी तथा संवेदनशील क्षेत्रों की कानून-व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि संगठित अपराध और एनडीपीएस एक्ट से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। आईजी ने कहा कि झारखंड के कई जिलों में अवैध अफीम की खेती और मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है। चतरा पुलिस की हालिया कार्रवाई की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अब केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि पूरे अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करना पुलिस की प्राथमिकता होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि अवैध अफीम की खेती, मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध में शामिल व्यक्तियों की चल एवं अचल संपत्तियों को चिन्हित कर जब्त करने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ी जा सके। आईजी ने दो टूक कहा कि बार-बार अपराध करने वालों के विरुद्ध कानून के सभी प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने अपराधियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील करते हुए कहा कि अपराध का रास्ता विनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने नशा उन्मूलन अभियान में समाज की भागीदारी को भी आवश्यक बताते हुए अभिभावकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से पुलिस को सहयोग करने तथा अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, मुख्यालय डीएसपी सुनील कुमार सिंह, सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब, चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन, टंडवा एसडीपीओ प्रभात कुमार रंजन सहित रामगढ़ एवं चतरा जिले के सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## एक नजर

### उड़ीसा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**इटखोरी :** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत मलकपुर पंचायत के बाकचों सरकुरवा गांव निवासी शशि कुमार सिंह 25 वर्ष की उड़ीसा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, शशि कुमार सिंह अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए उड़ीसा में मशीन ऑपरेटर के रूप में कार्य करते थे। रविवार को अचानक उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हालांकि, उनकी मौत किन कारणों से हुई, इसका स्पष्ट खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। परिजन और ग्रामीण घटना की वास्तविक जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। शशि कुमार सिंह के असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने तथा पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। फिलहाल परिजन शव के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। शव के पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

### पुल और सड़क के अभाव में जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे बच्चे



**चतरा :** चतरा जिले के लावालौंग प्रखंड अंतर्गत हेडूम पंचायत अंतर्गत पोटम गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बरसात के दिनों में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। गांव तक पहुंचने के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही रास्ते में पड़ने वाले बरसाती नाले पर पुल का निर्माण हुआ है। ऐसे में उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोटम के छात्र-छात्राओं को हर दिन जान जोखिम में डालकर नाला पार कर स्कूल जाना पड़ता है। बरसात के दौरान नाले का जलस्तर बढ़ने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। सामने आई तस्वीरों में स्कूली बच्चे पानी से भरे नाले के किनारे खड़े नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ बच्चे जोखिम उठाकर नाला पार करते दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी अधिक होने पर नाला पार करना बेहद कठिन हो जाता है और हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में सड़क और नाले पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष उठाई जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसका खामियाजा ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी भुगतना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में आवागमन बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधियों से पोटम गांव तक शीघ्र पक्की सड़क और बरसाती नाले पर पुल का निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पुल और सड़क बनने से बच्चों का विद्यालय आना-जाना सुरक्षित होगा तथा ग्रामीणों को भी बरसात के मौसम में आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

## कौरा विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी विधायक से पांच शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**प्रतापपुर :** उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय, कौरा में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति ने चतरा विधायक जनार्दन पासवान को आवेदन सौंपकर अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। समिति ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से 10वीं तक लगभग 350 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र एक प्राथमिक शिक्षक के भरोसे पठन-पाठन का कार्य संचालित हो रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। समिति ने विधायक से आग्रह किया कि जिले में सहायक अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए कम-से-कम पांच शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। विद्यालय प्रबंधन समिति ने कहा कि लंबे समय से शिक्षकों की कमी के कारण नियमित शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस पर विधायक जनार्दन पासवान ने समिति को आश्वस्त करते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर कक्षा 1 से 8 तक के लिए शिक्षकों की पदस्थापना कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक के इस आश्वासन से अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों में उम्मीद जगी है।

## जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चतरा :** राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची के तत्वावधान में जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन बुधवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा के खेल मैदान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार तथा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालक एवं अंडर-17 बालिका वर्ग की कुल 20 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले खेले। अंडर-17 बालक वर्ग विजेता उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, लेपो (सिमरिया), उपविजेता रू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पिंडराकौन (गिद्धौर), तृतीय रू गंगा स्मारक प्लस टू हाई स्कूल, गिद्धौर, अंडर-15 बालक वर्ग में विजेता उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, लेपो (सिमरिया), उपविजेता रू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पिंडराकौन (गिद्धौर) व तृतीय रू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सोकी (मयूरहंड)। अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, लेपो (सिमरिया), उपविजेता रू सीएम एसओई, चतरा व तृतीय रू कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, टंडवा शामिल है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में चतरा जिला ओलंपिक संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा सहित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं खेल पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुद्वारा मठ में उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मयूरहंड :** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मयूरहंड प्रखंड स्थित चय बुंदेल (राजपूत) समाज की ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर गुरुद्वारा मठ में बुधवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। करीब 400 वर्ष पुराने इस मठ में भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण, रामभक्त हनुमान एवं आदि गुरु भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। साथ ही यहां स्थित गुरुओं की समाधियों पर भी श्रद्धासुमन अर्पित कर विशेष पूजा की गई। गुरु पूर्णिमा, जिसे महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, के अवसर पर झारखंड के परगना चय, चंपा तथा बिहार के गया सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों बुंदेल राजपूत समाज के श्रद्धालु गुरुद्वारा मठ पहुंचे। इस दौरान कई दंपतियों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की, जबकि महिला श्रद्धालुओं ने घंटों तक भजन-कीर्तन और नृत्य कर पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। गुरुद्वारा मठ के मठाधीश राम किशोर तिवारी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताते हुए सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दिनभर हलवा एवं खिचड़ी का महाप्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के हिमांशु सिंह, श्याम सुंदर सिंह, राजीव रंजन सिंह, सूरज कुमार सिंह, अजय सिंह, नगीन सिंह, बजरंग सिंह, संत सिंह, लव कुमार सिंह, सीताराम सिंह, पुरुषोत्तम सिंह और नरेश कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा। वहीं समाज के गणमान्य संजय कुमार सिंह, आदित्य प्रसाद सिंह, शिवकुमार सिंह, विभूतिनाथ सिंह एवं विनय कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने भी आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## एसएसबी ने विद्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमरिया :** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की डी समवाय, शिला द्वारा शुक्रवार को सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय, बिरहु परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वाहिनी मुख्यालय के कमांडेंट संजीव कुमार के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक कमांडेंट उत्तम कुमार पॉल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एसएसबी के जवानों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) अनिरुद्ध बिस्वास सहित एसएसबी के कुल 10 जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं एवं एसएसबी के जवानों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

## 77वें वन महोत्सव में विधायक ने किया रुद्राक्ष का पौधरोपण, विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**प्रतापपुर :** प्रतापपुर प्रक्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय, कौरा में बुधवार को 77वें वन महोत्सव का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन क्षेत्र पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने की, जबकि क्षेत्रीय विधायक जनार्दन पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने विद्यालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर वन महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि ष्प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा।ष् उन्होंने विद्यार्थियों एवं आम लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वन केवल पेड़-पौधों का समूह नहीं, बल्कि मानव जीवन, जल, वायु और मिट्टी के संतुलन का आधार हैं। वर्तमान समय में घटते वन क्षेत्र और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वन महोत्सव जैसे कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण की अमूल्य धरोहर बनेंगे। इस अवसर पर ममता देवी, एसएसबी कमांडेंट प्रकाश दास, वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, संलग्न पदाधिकारी श्वेताभ सुमन, पूर्व वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत राम, वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधारोपण के साथ पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### खबर का असरः आंगनबाड़ी केंद्र का खराब चापाकल हुआ दुरुस्त



**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र पूर्वी-1 में खराब पड़े चापाकल की समस्या को लेकर प्रकाशित समाचार का असर देखने को मिला। खबर सामने आने के बाद द्वारी पंचायत के मुखिया जगदीश यादव ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग से चापाकल की मरम्मत कराई। चापाकल की मरम्मत होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत छोटे-छोटे बच्चों को फिर से स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। लंबे समय से पेयजल की समस्या झेल रहे बच्चों और आंगनबाड़ी कर्मियों ने राहत की सांस ली। चापाकल ठीक होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए मुखिया जगदीश यादव तथा संबंधित विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि समय पर पहल होने से बच्चों को अब पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन भी सुचारु रूप से हो सकेगा।

### राजकीय मध्य विद्यालय ढोढी मधनिया में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न



**मयूरहंड :** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय ढोढी मधनिया में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव को लेकर विद्यालय परिसर में अभिभावकों एवं ग्रामीणों की अच्छी-खासी भीड़ जुटी। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया मजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। मुखिया मजीत सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय और अभिभावकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है। समिति के सक्रिय सहयोग से विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सकता है। मतगणना के बाद प्रियंका देवी को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा अशोक प्रजापति को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रियंका देवी ने कहा कि वे विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित नामांकन, स्वच्छ एवं सुरक्षित विद्यालय परिसर तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए सभी अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीणों के सहयोग से कार्य करेंगी। वहीं उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति ने भी विद्यालय हित में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक, ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रतापपुर के 208 सरकारी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन संपन्न



**प्रतापपुर :** प्रतापपुर प्रखंड के 208 सरकारी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया 27, 28 एवं 29 जुलाई 2026 को निर्धारित कार्यक्रम के तहत सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निर्देश के आलोक में प्रखंड के प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं प्लस टू विद्यालयों के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी नई प्रबंधन समितियों का गठन कराया गया। निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। अधिकांश विद्यालयों में मतदान एवं समिति गठन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुआ। हालांकि, कुछ विद्यालयों में समिति गठन को लेकर विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई, जिसके कारण वहां चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई। समिति गठन के उपरांत संबंधित विद्यालयों की बैठक कार्यवाही पंजी एवं निर्धारित गठन प्रपत्र प्रखंड संसाधन केंद्र, प्रतापपुर में जमा कराए गए। तीन दिनों तक चली इस प्रक्रिया में अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। नई विद्यालय प्रबंधन समितियों के गठन से विद्यालयों के संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा शिक्षा व्यवस्था में समुदाय की भागीदारी और अधिक मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन



**इटखोरी :** राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय इटखोरी में विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक राजीव रंजन की देखरेख में आयोजित चुनाव में सर्वसम्मति से संदीप कुमार सिंह उर्फ गुडन सिंह को समिति का अध्यक्ष तथा निशा कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव अरुण कुमार, पंचायत समिति सदस्य मृत्युंजय सिंह, अंजू सिंह, अजय सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष निशा कुमारी ने कहा कि वे सभी सदस्यों के सहयोग से विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, मध्याह्न भोजन व्यवस्था में सुधार तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।




# पिता इलेक्ट्रीशियन, आर्थिक तंगी में गुजरा बचपन

## अब कॉमनवेल्थ गेम्स में पूरा किया पिता का अधूरा सपना; ज्ञानेश्वरी यादव की कहानी

**नई दिल्ली।** एक प्रसिद्ध कहावत है, 'जिसमें कुछ करने का जुनून होता है वह किसी भी परिस्थिति में अपनी राह बना लेता है।' इसी कहावत को सच कर दिखाया है भारतीय वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने। परिवार की आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, कोरोना जैसी महामारी और कई तमाम तरह की परेशानियों का सामना करते हुए ज्ञानेश्वरी यादव ने अपने सपने को साकार किया है। ज्ञानेश्वरी यादव ने सोमवार (27 जुलाई) को राष्ट्रमंडल खेलों में 53 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता और अपना नाम इतिहास के पन्नों पर अमर कर दिया।

ज्ञानेश्वरी यादव के पिता दीपक यादव बिजली मिस्त्री हैं, जिन्होंने कभी बॉडी बिल्डर बनने का सपना देखा था लेकिन परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उनका सपना अधूरा रह गया। अपनी बेटी के जन्म के साथ ही दीपक ने यह निश्चय कर लिया था कि वह अपनी बेटी को एक स्पोर्ट्सपर्सन ही बनाएंगे। 13 साल की ज्ञानेश्वरी को उनके पिता दीपक ने पहली बार पॉवर लिफ्टिंग से परिचय कराया। ज्ञानेश्वरी के प्रतिभा को देखते हुए दीपक उनको वेटलिफ्टिंग कोच अजय लोहार विश्वकर्मा के पास ले गए, जो इस युवा खिलाड़ी की प्रतिभा को देखकर तुरंत प्रभावित हो गए।

**कम संसाधनों में की कड़ी मेहनत-** कोच लोहार ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया,'ड्राई लिफ्टिंग के पहले दिन ही उन्होंने 15 किलोग्राम के लकड़ी के तख्ते को आसानी से उठा लिया। मुझे उस एहसास हो गया कि वह एक अच्छी वेटलिफ्टर बनेंगी। उनमें संतुलन और शारीरिक ताकत शुरू से ही अच्छी थी। इसलिए उन्होंने खेल की बुनियाद को जल्दी सीख लिया। वेटलिफ्टिंग के सफर की शुरुआत के साथ ही ज्ञानेश्वरी को संसाधनों की कमी से जुझना पड़ा।



ज्ञानेश्वरी के पिता ने कहा, ज्ञानेश्वरी भीषण गर्मी में बिना पंखे वाले हॉल में अभ्यास किया करती थीं। ज्ञानेश्वरी यादव ने एक दिन के लिए भी अपने अभ्यास में कमी नहीं की। कोरोना महामारी के दौरान जब सब कुछ ठप हो चुका था, ऐसे समय में भी ज्ञानेश्वरी ने बिना संसाधनों के ही अपने अभ्यास को जारी रखा। छह महीने से अधिक तक जिम बंद रहने की वजह से ज्ञानेश्वरी ने घर को ही प्रशिक्षण स्थल बना लिया। पिता दीपक ने सीमेंट की पट्टियां बनाई और गैस सिलेंडर का इंतजाम किया ताकि वह बिना किसी रुकावट के प्रशिक्षण कर सके।

ज्ञानेश्वरी यादव के पिता दीपक ने बताया, 'ज्ञानेश्वरी के जन्म के साथ ही मैंने और उसकी मां दुर्गा ने यह फैसला ले लिया था कि हम उसे खिलाड़ी बनाएंगे। जब उसने रजत पदक जीता तो मुझे खुद को पोडियम पर देखने का मौका मिला। वह 14 साल की उम्र में भी आसानी से बेंच प्रेस कर लिया करती थी। चाहे बारिश हो या गर्मी उसने अभ्यास कभी नहीं छोड़ा। जहां वह प्रशिक्षण करती थी वहां पंखा भी नहीं था।

सीडब्ल्यूजी 2026

# पहले ही प्रयास में 8.01 मीटर की जंप

### श्रीशंकर मुरली ने हासिल किया फाइनल का टिकट

**ग्लासगो ।** भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार शुरुआत की है। उन्होंने सोमवार को पुरुषों की लॉन्ग जंप के क्वालिफिकेशन राउंड में 8.01 मीटर की छलांग लगाकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। श्रीशंकर ने ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन मार्क को आसानी से पार कर लिया। क्वालीफाइंग 'ग्रुप-ए' में 27 वर्षीय एथलीट को फाइनल में सीधा प्रवेश पाने के लिए कम से कम 8.00 मीटर की छलांग लगाने की जरूरत थी। श्रीशंकर ने यह लक्ष्य केवल एक प्रयास में हासिल कर लिया, जिसके बाद उन्होंने अपना क्वालिफिकेशन राउंड समाप्त कर दिया और बुधवार को होने वाले मेडल इवेंट के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखी। केरल के इस एथलीट ने अपने पहले प्रयास से ही 'ग्रुप-ए' में शीर्ष स्थान हासिल किया।




# गुलवीर सिंह ने रचा इतिहास

## 10,000 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतने वाले बने पहले भारतीय

**ग्लासगो।** ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 (ष्द्धद्भत्र 2026) के छठे दिन भारत के स्टार धावक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को इतिहास रच दिया। पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए गुलवीर ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया। इसके साथ ही वह कॉमनवेल्थ गेम्स की इस स्पर्धा में पदक हासिल करने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए हैं। 27 मिनट 49.78 सेकंड में पूरा किया ऐतिहासिक सफर 27 वर्षीय गुलवीर सिंह ने ट्रैक पर जबरदस्त रफ्तार और धैर्य का परिचय देते हुए 27 मिनट 49.78 सेकंड का समय निकाला और दूसरा स्थान हासिल किया।




**गोल्ड मेडल :** ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। **सिल्वर मेडल :** भारत के गुलवीर सिंह (27 :49.78) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। **कांस्य पदक :** डेविड मुलार्की ने कांस्य पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि इसलिए भी बेहद खास मानी जा रही है क्योंकि लंबी दूरी की दौड़ में पारंपरिक रूप से दबदबा रखने वाले कीनिया और युगांडा के दिग्गज धावक इस बार पोडियम (शीर्ष तीन) में जगह बनाने में नाकाम रहे।

# 'मेरे को नंगी कर के सड़क पर फेंक दिया था'

## कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने वाली एथलीट शर्मीला धनकड़ की प्रेरक कहानी



**नई दिल्ली।** ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में पहले 5 दिन के बाद भारत ने 10 पदक जीत लिए हैं। भारत की बेटियों ने स्कॉटलैंड में तिरंगे का मान बढ़ाया है। उसमें से कई खिलाड़ियों की कहानी ऐसी है जिसमें उन्होंने बेहद कठिनाइयों का सामना किया है। ऐसी ही प्रेरक कहानी है भारत के लिए पैरा एथलेटिक्स में इतिहास रचने वाली शर्मीला धनकड़ की। उन्होंने 40 साल की उम्र में गोला फेंक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतते हुए अपना नाम इतिहास के पन्नों पर अमर कर दिया। आज इस स्वर्ग जैसी जिंदगी में नजर आ रहीं शर्मीला का जीवन 14 साल पहले किसी नर्क से कम नहीं था। उनके पहले पति ने उन पर इस कदर यातनाएं की थीं कि उन्हें बिना कपड़ों के सड़क पर बेटियों के साथ फेंक दिया था। ग्लासगो में सोमवार रात गोल्ड मेडल जीतने के बाद शर्मीला ने इंडियन एक्सप्रेस और अपनी 14 साल पहले की दर्द भरी कहानी को भी सबके सामने बताया। वहीं स्र्ड्ढ द्वारा आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में जनसत्ता के सवालों का भी जवाब दिया और यह भी बताया कि दूसरे पति अजीत सिंह का उनकी जिंदगी में बेहद खास रोल रहा।

उन्होंने बताया कि 2012 में उनके नशेड़ी पति ने रेवाड़ी में उनको दो बेटियों के साथ निर्वस्त्र करके सड़क पर फेंक दिया था। यह मामला रेवाली के गुरकावास गांव का था। इसके बाद पड़ोसियों ने उन्हें कंबल और रजाई से लपेटा। फिर शर्मीला के माता-पिता जय लाल और सरोज उन्हें अपने महेंद्रगढ़ स्थित गांव छिथरौली ले गए। इस हादसे के 14 साल बाद अब भारत की इस बेटी ने ग्लास्गो में गोल्ड मेडल जीता और अपनी मां व दूसरे पति अजीत सिंह को साथ सेलिब्रेट करने के लिए सबके सामने बुलाया।

### शर्मीला ने सुनाई दर्द भरी दास्तां




शर्मीला 2 साल की उम्र में ही एक पैर में पोलियो से पीड़ित हो गई थीं। उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने के बाद अपनी आपबीती को बताया। उन्होंने कहा, 'मेरे को नंगी करके मेरी बेटियों के साथ सड़क पर फेंक दिया था मेरे पहले हस्बैंड (पति) ने। मेरे पड़ोसियों ने मुझे कंबल से लपेटा और फिर मेरे माता-पिता मुझे वहां से ले गए। मेरी 19 साल की उम्र में शादी कर दी गई थी। वह ड्रग्स लेता था और उसका आदि था। जब मेरी दूसरी बेटी पैदा हुई थी तब से चीजें खराब हो गईं थीं।' वहीं शर्मीला की माता सरोज भी बचपन से नेत्रहीन हैं। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में बेटी की सफलता के बाद कहा, 'मेरी बेटी कक्षा 1 से कक्षा 10 तक टॉपर रही है। लेकिन हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी तो हमने उसकी शादी कर दी। जब यह हुआ (पहले पति की बर्बरता) तो मैंने अपने पति से कहा कि उसे वापस ले आओ। यह गोल्ड मेडल शर्मीला के जज्बे का नतीजा है।'

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026

# 34 गोल्ड के साथ टॉप पर ऑस्ट्रेलिया, 12 मेडल जीतकर नौवें स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भारत की झोली में दो सिल्वर मेडल और आए, जबकि तीन मुक्केबाजों ने अपने मेडल पक्के कर लिए हैं। भारत की कुल मेडल की संख्या अब 12 हो चुकी है। हालांकि, मेडल टैली पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा लगातार बरकरार है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में ऑस्ट्रेलिया अब तक कुल 78 मेडल अपने नाम कर चुका है। इसमें 34 गोल्ड, 17 सिल्वर और 27 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की टक्कर में इस समय कोई नहीं है। कनाडा मेडल टैली में 35 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर है। कनाडा ने 13




गोल्ड, 10 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं। इंग्लैंड मेडल टैली में तीसरे स्थान पर मौजूद है। इंग्लैंड ने अब तक कुल 43 मेडल जीते हैं, जिसमें 10 गोल्ड, 18 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल हैं। मेजबान स्कॉटलैंड फिलहाल चौथे स्थान पर है। स्कॉटलैंड की झोली में अब तक 15 मेडल आए हैं। इसमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। 6 गोल्ड और कुल 11 मेडल के साथ नाइजीरिया मेडल टैली में पांचवें स्थान पर बना हुआ है। वहीं, भारत टॉप 10 में बरकरार है। छठे दिन दो सिल्वर मेडल जीतने के बाद भारत 9वें स्थान पर काबिज है। भारत ने कुल 2 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। मंगलवार को महिला वेटलिफ्टिंग में हरजिंदर कौर ने कुल 227 किलो का भार उठाते हुए सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने स्नैच में 101 और क्लीन एंड जर्क राउंड में 126 किलो का भार उठाया। वहीं, गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ को 27 :49.78 सेकंड में पूरा करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। गुलवीर इस प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। मुक्केबाजी में प्रीति, प्रिया और जादुमणि सिंह ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इन तीनों मुक्केबाजों ने भारत के लिए कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्के कर दिए हैं।

# 5 ओवर में 5 विकेट और रन दिए 0

## पाकिस्तान पर कहर बरपा जस्टिन ग्रीव्स ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स ने सोमवार को (27 जुलाई) को पाकिस्तान के खिलाफ इतिहास रच दिया। वह टेस्ट क्रिकेट में लगातार पांच विकेट मेडन करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। ग्रीव्स ने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में फाइव-विकेट हॉल लिया। उन्होंने 2016 में जोहान्सबर्ग में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के लगातार चार मेडन विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ा। पाकिस्तान ने 38 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। ग्रीव्स ने त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच पहले टेस्ट के तीसरे दिन लंच से पहले और बाद के स्पेल में कहर बरपाया। पाकिस्तान पहली पारी में अच्छी बढ़त बनाने की राह पर था। एक समय उसका स्कोर 244/3 था। पूर्व कप्तान शान मसूद ने शतक पूरा किया।



### पाक 282 रन पर ऑल आउट

इसके बाद ग्रीव्स ने उन्हें आउट किया। फिर लगातार ओवरों में आमिर जमाल, अली उस्मान और मोहम्मद रिजवान को बिना कोई रन दिए आउट कर दिया। इससे पाकिस्तान का स्कोर लंच तक 267/8 हो गया। ग्रीव्स ने लंच के बाद अपने पहले ओवर में मोहम्मद अब्बास को विकेट के पीछे कैच कराया और लगातार पांच विकेट मेडन किए। इससे पाकिस्तान 282 रन पर ऑल आउट हो गया।

### इंडीज की दूसरी पारी लड़खड़ाई

वेस्टइंडीज की दूसरी पारी लड़खड़ा गई है। उसने 43 ओवर में 7 विकेट पर 126 रन बनाए हैं। उसके पास 155 रनों की बढ़त है। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद अब्बास ने 14 रन देकर 3 विकेट झटके। केमार रोच 5 और शमार जोसेफ 13 गेंद पर 22 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर। कैरेबियाई टीम के लिए दूसरी पारी में सबसे ज्यादा तेगनरायण चंद्रपाल ने 35 रन बनाए हैं। तीसरे दिन 14 विकेट गिरे।

# 188 विकेट और 2200 रन, कौन हैं सारांश जैन?

## वाशिंगटन की जगह श्रीलंका दौरे पर मिला मौका

**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे पर 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का मंगलवार(28 जुलाई) को ऐलान हो गया। वाशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के कारण सारांश जैन को चुना गया है। मध्य प्रदेश के इस ऑलराउंडर का चयन चौंकाने वाला है क्योंकि उन्हें 33 साल की उम्र में मौका मिला है। भारतीय क्रिकेट में 30 साल के होने के बाद पहली बार चुने जाने वाले खिलाड़ियों की संख्या ज्यादा नहीं है।

घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले सारांश को इंडिया ए के श्रीलंका दौरे पर अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। उन्होंने दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट में गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 70 रन बनाने के अलावा छह विकेट लिए थे। सारांश जैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 188 विकेट लिए हैं और दो शतक के साथ 2200 से ज्यादा रन बनाए हैं। श्रीलंका की टीम में काफी बाएं हाथ के बल्लेबाजों की मौजूदगी की वजह से चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम में शामिल किया है।

### 360 रन और 35 विकेट

सारांश जैन ने उस सीजन में उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए 360 रन बनाए और 35 विकेट लिए। इससे उन्हें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए की टीम में चुना गया, जहां उन्होंने एकमात्र खेले मैच की दोनों पारियों में हाफ-सेंचुरी बनाई। सारांश की खासियत है कि वह किसी भी मौके का पूरा फायदा उठाते हैं।

# टीम इंडिया के कोचिंग स्टाफ में दो बड़े बदलाव

## श्रीलंका दौरे पर नए कोच के साथ उतरेगी टीम



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 15 अगस्त से अब इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना अगला मुकाबला खेलेगी। टीम इंडिया श्रीलंका का दौरा करेगी जिसमें दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज में टीम इंडिया के कोचिंग स्टाफ से दो पूर्व सदस्यों का नाम हट जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने यह अपने बयान में साफ कर दिया है कि असिस्टेंट कोच रियान टेन डशकाटे और फील्डिंग कोच टी दिलीप का कार्यकाल नहीं बढ़ेगा।

मंगलवार को पीटीआई से बात करते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिन देवजीत सैकिया ने यह बयान दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि आगामी श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया नए फील्डिंग कोच के साथ उतरेगी। वहीं कोचिंग स्टाफ में दो बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा है कि श्रीलंका दौरे से पहले ही फील्डिंग कोच के नाम का ऐलान होगा। वहीं इसके लिए दो से तीन नामों पर चर्चा भी जारी है।

### क्या बोले देवजीत सैकिया?

सैकिया ने बताया, 'असिस्टेंट कोच रियान डसकाटे का दो साल का कॉन्ट्रैक्ट 10 जून को टीम इंडिया के साथ खत्म हो चुका है। फील्डिंग कोच टी दिलीप का पिछले साल एक साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया गया था।

## गाजियाबाद में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत और कई घायल

गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात करीब 12-30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब हरिद्वार दर्शन और गंगा स्नान के लिए जा रही एक बोलेरो पिकअप की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि पिकअप हाल ही में खरीदी गई थी और सवार सभी लोग उसकी पूजा-अर्चना एवं गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। सूचना मिलते ही निवाड़ी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए उसके चालक और परिचालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। यह क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का अकेला मामला नहीं है। इससे पहले, 21 जुलाई को ग्रेटर नोएडा के छपरौला के पास भी सरिया लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया था, जिससे केबिन में फंसे चालक आमिर (28) की मौत हो गई थी। इन हादसों ने सड़कों पर सुरक्षा उपायों की गंभीरता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भाजपा सांसदों को बागवानी सब्सिडी : एक ने लौटाई, सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने संसद को जानकारी दी कि केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी और राजस्थान के भाजपा सांसद लुंबाराम को बीते पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) की योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता मिली थी। हालांकि, चौधरी ने अपनी सब्सिडी वापस कर दी है। कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि एनएचबी की योजनाएं व्यावसायिक बागवानी, संरक्षित खेती, फसल कटाई के बाद प्रबंधन और शीत भंडार अवसंरचना के विकास के लिए पात्र किसानों और उद्यमियों को आर्थिक मदद देती हैं। उन्होंने सांसदों और उनके करीबी परिवार के सदस्यों को मिली वित्तीय सहायता का विवरण दिया, जिसमें चौधरी और लुंबाराम प्रमुख थे। कृषि राज्य मंत्री ठाकुर ने स्पष्ट किया कि भगीरथ चौधरी ने अपनी सब्सिडी संबंधित बैंक को लौटा दी है, जिसे बागवानी बोर्ड को वापस भेजने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने बताया कि बोर्ड के दिशानिर्देशों में लोक सेवकों या उनके परिवार के सदस्यों के आवेदनों को लेकर हितों के टकराव का कोई विशेष प्रावधान नहीं है। ये योजनाएं सभी पात्र आवेदकों के लिए उपलब्ध हैं, जिनमें व्यक्ति, फर्म और कंपनियां शामिल हैं, बशर्ते वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करें। इसमें परियोजना की जमीन आवेदक के स्वामित्व में होनी चाहिए या कम से कम 10 साल के लिए पट्टे पर ली गई होनी चाहिए।

## कांवड़ यात्रा से पहले हापुड़ में मांसाहारी दुकानें बंद : प्रशासन सख्त

हापुड़ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के हापुड़ जिले में आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठा दिए हैं। शिवभक्तों की आस्था का सम्मान करने और यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से, शहर में मीट, मछली, अंडे और अन्य मांसाहारी उत्पादों की बिक्री करने वाली सभी दुकानें बंद करने के आदेश दिया हैं। यह प्रतिबंध 26 जुलाई से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा, जिसकी सूचना सभी दुकानदारों को नोटिस के माध्यम से दे दी गई है। पुलिस और जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि इस अवधि के दौरान कोई भी मांसाहारी प्रतिष्ठान खुला मिलता है, तब उसके मालिक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी कविता मीणा ने जानकारी देकर बताया कि कांवड़ यात्रा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु निर्णय लिया है। उन्होंने पुष्टि की कि सभी मीट की दुकानों और रेस्टोरेंट संचालकों को सूचित किया गया है कि कांवड़ मार्ग व आसपास के क्षेत्रों में मीट, मांस, मछली की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन ने दुकान मालिकों और होटल संचालकों से आदेश का पूर्णतः पालन करने की अपील की है। इसके अतिरिक्त, हापुड़ पुलिस यात्रा मार्गों पर लगातार निगरानी कर रही है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले ही कई दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। खाद्य और अन्य प्रतिष्ठानों की भी जांच की जा रही है, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन का लक्ष्य है कि लाखों कांवड़ियों की यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से पूरी हो सके।

## अबोहर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, स्कूल खाली कराए

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला जारी है। बुधवार सुबह फाजिल्का जिले के अबोहर स्थित कई प्रमुख स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर स्कूलों को तत्काल खाली कराकर छात्रों को सुरक्षित घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, अजम्पसन कॉन्वेंट स्कूल, डीएवी स्कूल समेत कई शिक्षण संस्थानों को सुबह करीब 8-51 बजे ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दोपहर 1-30 बजे तक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को इसकी जानकारी दी और तत्काल छुट्टी घोषित कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस, बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार स्कूल परिसरों की गहन तलाशी ली गई और ईमेल भेजने वाले की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी पंजाब के जालंधर, अमृतसर, मोगा, मोहाली तथा चंडीगढ़ के कई स्कूलों को इसी तरह की धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है।

## अमृतपाल की रिहाई को लेकर प्रदर्शन हुआ तेज, मोहाली बॉर्डर पर पुलिस से झड़प

चंडीगढ़ (एजेंसी)। सांसद अमृतपाल सिंह की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को अकाली दल (वारिस पंजाब दे) के कार्यकर्ताओं ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के घेराव का प्रयास किया। प्रदर्शन को रोकने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे, यहां प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई।

# छात्रों पर बल प्रयोग कर सरकार ने गांधी के विचारों को कफन पहनाने का काम किया

### डिंपल यादव सहित विपक्षी सांसदों ने केंद्र सरकार को घेरा



नई दिल्ली (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद डिंपल यादव ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर केंद्र सरकार द्वारा किए गए बल प्रयोग की तीखी निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई से महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचारों को कफन पहनाने का काम किया है। लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, पर चर्चा के दौरान डिंपल ने बीते 40 दिनों में आत्महत्या करने वाले 20 विद्यार्थियों का उल्लेख किया।

सपा सांसद डिंपल ने सवाल उठाया कि जब 2024 में इसतरह का कानून लाया गया था, तब भी प्रश्नपत्र लीक क्यों हुए? उन्होंने पेपर लीक को मोदी सरकार का षड्यंत्र या सिस्टम में परमानेंट लीकेज बताया। उन्होंने छात्रों के हौसले की सराहना की, जिन्होंने प्रशासन का डटकर मुकाबला किया और अहंकारी सरकार के आगे झुकने से इंकार किया। डिंपल ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी बेटियों के कपड़े फाड़े गए, उन पर पैलेट गन चली, बच्चों के सिर कील लगे डंडों से फोड़े और बिहार में एके-47 का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने भाजपा सदस्यों पर पलटवार कर कहा कि यदि आपातकाल देखना था....तब सड़कों पर देखना चाहिए था, जब बच्चे खून बहा रहे थे। उन्होंने छात्रों को अराजक तत्व कहने वाले सांसदों की भी कड़ी आलोचना की।

वहीं कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधेयक को बिना मन से लाया गया बताकर कहा कि 2024 का कानून भी विफल रहा। उन्होंने त्वरित अदालत को भाजपा का नया जुमला करार देकर सुझाव दिया कि पेपर लीक होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा कानून में पहली शर्त होनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि 12 साल की भाजपा सरकार के बाद युवा पीढ़ी चौराहे पर है, और सरकार ने किसान व पहलवान आंदोलनों की तर्ज पर ही छात्र आंदोलन को दबाने के लिए अपने टूल किट का इस्तेमाल किया।

लोजपा (रामविलास) के अरूण भारती ने विधेयक का समर्थन कर पेपर लीक की सूचना देने वालों को संरक्षण और रद्द परीक्षाओं की जांच की मांग की। कांग्रेस सांसद के. सी. वेणुगोपाल ने चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया और एक निष्पक्ष जांच का आदेश देने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस की शर्मिला सरकार ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन को लोकतांत्रिक अधिकार बताया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल के साथ-साथ पुलिस लाठीचार्ज की भी निंदा की। शिवसेना (उबाठा) के अरविंद सावंत ने जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन और छात्रों के साहस की सराहना कर लड़कियों पर हुई बर्बरता की निंदा की।

## पीएम मोदी पर आपत्तिजनक पोस्ट मामले में दिल्ली पुलिस ने एक्स से मांगी जानकारी

### -पोस्ट हटाने के साथ अकाउंट संचालकों का नाम, पता, मोबाइल नंबर और लॉगिन डिटेल देने को कहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कथित आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियों को लेकर दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने एक्स को पत्र लिखकर संबंधित पोस्ट और वीडियो हटाने तथा उन्हें साझा करने वाले अकाउंट संचालकों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। दिल्ली पुलिस ने प्लेटफॉर्म से अकाउंट होल्डर्स के नाम, पते, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सहित अन्य पहचान संबंधी विवरण मांगे हैं। इसके अलावा संबंधित खातों की लॉगिन और लॉगआउट जानकारी, समय और तारीख का रिकॉर्ड भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। पुलिस ने एक्स से यह भी आग्रह किया है कि संबंधित पोस्ट और वीडियो से जुड़ी सभी जानकारियों को भविष्य की जांच के लिए सुरक्षित रखा जाए। अधिकारियों का कहना है कि यह जानकारी जांच प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इससे पहले केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा को प्रधानमंत्री मोदी से जुड़े एक वीडियो को लेकर नोटिस जारी किया था। हालांकि बाद में मेटा ने उस वीडियो को दोबारा बहाल कर दिया। दिल्ली पुलिस अब सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक सामग्री के स्रोत और उसे प्रसारित करने वाले लोगों की पहचान करने की दिशा में जांच आगे बढ़ा रही है।



## संजय निरूपम ने कहा- प्रोफेसर वी. कामाकोटी से मांफी मांगे प्रियंका



### -संसद में टिप्पणी पर बढ़ा सियासी घमासान

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मॉनसून सत्र के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा घोषित परीक्षा सुधार टास्क फोर्स को लेकर नया सियासी विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी द्वारा आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामाकोटी को टास्क फोर्स में शामिल किए जाने पर सवाल उठाने और उन्हें लेकर की गई टिप्पणी के बाद राजनीतिक पारा चढ़ गया है। प्रियंका गांधी के इस बयान की जहां सत्ता पक्ष ने तीखी निंदा की है, वहीं अब शिवसेना नेताओं ने भी उन्हें नसीहत देते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। संजय निरूपम ने आगे कहा कि भारतीय परंपराओं, आयुर्वेद और नेचरोपैथी पर शोध करने वाले विद्वानों का मजाक उड़ाना अनुचित है। उन्होंने प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वैज्ञानिकता की आड़ में भारतीय परंपराओं से नफरत करना सही नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रियंका गांधी को एक महान शिक्षक और वैज्ञानिक का अपमान करने के लिए प्रोफेसर कामाकोटी से माफी मांगनी चाहिए। इससे पहले मॉनसून सत्र के दौरान चर्चा में हिस्सा लेते हुए प्रियंका गांधी ने नई कमेटी के गठन पर सवाल उठाए थे और टास्क फोर्स के सदस्यों की योग्यताओं पर टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा था कि देश के प्रमुख वैज्ञानिकों में से एक पर इस तरह की टिप्पणी करना दुखद है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रियंका गांधी अपनी बातों से लोगों को गुमराह करने और अपनी पूर्ववर्ती सरकारों की नाकामियों को छिपाने का प्रयास करती हैं। वहीं, शिवसेना नेता संजय निरूपम ने सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट साझा कर प्रोफेसर कामाकोटी की शैक्षणिक योग्यताओं और उपलब्धियों का ब्योरा दिया। उन्होंने लिखा कि प्रोफेसर कामाकोटी आईआईटी मद्रास के निदेशक हैं, आधुनिक तकनीक के विशेषज्ञ हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टास्क फोर्स का नेतृत्व कर चुके हैं। वर्ष 2011 में आईआईटी की परीक्षाओं का सफल संचालन करने जैसी अनेक उपलब्धियां उनके नाम दर्ज हैं। इन्हीं योग्यताओं के आधार पर उन्हें नीट जैसी परीक्षाओं में सुधार और पारदर्शिता लाने वाली समिति में शामिल किया गया है।

## देशभर में मानसून का कहर, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

### --मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में रेड अलर्ट, गुजरात की फैक्ट्रियों में उत्पादन प्रभावित

### -उत्तराखंड में चारधाम यात्रा दो दिन के लिए स्थगित



नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में मानसून अपने सबसे सक्रिय चरण में पहुंच गया है, जिससे कई राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले चार से छह दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा है, जिसके प्रभाव से व्यापक वर्षा की संभावना बनी हुई है।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अत्यधिक वर्षा की आशंका को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन को सतर्क रहने और संभावित बाढ़ व जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं। कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की भी आशंका जताई गई है। भारी बारिश का असर औद्योगिक गतिविधियों पर भी दिखाई दे रहा है। गुजरात में लगातार बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति के कारण देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स के साणंद संयंत्र सहित आसपास स्थित कई ऑटो पार्ट्स सप्लायर इकाइयों में पानी भर गया, जिससे उत्पादन अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। उद्योग जगत को आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने की भी चिंता है।

उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के कारण चारधाम यात्रा पर भी असर पड़ा है। यात्रा मार्गों पर मलबा आने और रास्ते अवरुद्ध होने के चलते प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर चारधाम यात्रा को दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। वहीं चंपावत, बागेश्वर और टिहरी जिलों में कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को एहतियातन बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने, मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने तथा नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा का दौर जारी रह सकता है।

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एनईपी को नागपुर शिक्षा नीति, बिना चर्चा लागू करने का आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। 31 जनवरी, 2026 को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 की छठी वर्षगाँठ पर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर निशाना साधकर नागपुर शिक्षा नीति बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस महत्वपूर्ण नीति को संसदीय चर्चा के बिना ही लागू किया गया।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि एनईपी 2020 पर संसद में कभी चर्चा नहीं की गई और न ही शिक्षा के केंद्रीय सलाहकार बोर्ड (सीएबीई) से मंजूरी मिली। उन्होंने मोदी सरकार पर एनईपी के तहत प्रमुख नियामक निकायों और पहलों को कमजोर करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि आज एनईपी की नींव हिल गई है, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की साख पूरी तरह खत्म हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जो पूर्व मंत्री इसके सबसे बड़े प्रचारक थे और जिन्होंने राज्य सरकारों पर लागू करने का दबाव डाला था, उन्हें इस्तीफ़ा देना पड़ा। विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान (वीएसई) का मामला भी संसद की एक संयुक्त समिति के पास भेजा गया है, जो ठंडे बस्ते में पड़ा है, और एनडीए सहयोगियों के विरोध के कारण बीते तीन सप्ताह में दो बार इसकी बैठकें रद्द करनी पड़ी हैं। कांग्रेस नेता रमेश ने मौजूदा नीति की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय 1986 में शुरू की गई नेशनल पॉलिसी ऑन एजुकेशन से की। उन्होंने ज़ोर दिया कि 1986 की नीति को अपनाने से पहले संसद में उस पर विस्तार से चर्चा हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली, जिन्होंने सामाजिक-आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाई।

## सीजेपी नेताओं ने राकेश टिकैत से की मुलाकात

### -किसानों, छात्रों और युवाओं के साझा मोर्चे की तैयारी, सरकार पर वादे पूरे नहीं करने का आरोप

### -छात्रों पर दर्ज मामलों की वापसी नहीं हुई तो देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने अपने आंदोलन को व्यापक सामाजिक स्वरूप देने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के वरिष्ठ नेता राकेश टिकैत से मुलाकात की। दिल्ली में हुई इस बैठक में किसानों, छात्रों और युवाओं के साझा मंच के गठन तथा सरकार के खिलाफ संयुक्त रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को छात्र आंदोलन के अगले चरण की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक के बाद सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि संगठन को उम्मीद है कि किसान, छात्र और युवा एकजुट होकर अपने मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। उनके अनुसार, शिक्षा से जुड़े सवालों के साथ-साथ किसानों और युवाओं की समस्याओं को भी अब एक साझा मंच से उठाया जाएगा, ताकि विभिन्न वर्गों की आवाज को एकजुट किया जा सके। सीजेपी ने आरोप लगाया कि छात्र आंदोलन के दौरान केंद्र और कुछ राज्य सरकारों की ओर से दिए गए आश्वासनों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। संगठन का दावा है कि बिहार और पश्चिम बंगाल में छात्रों के खिलाफ दर्ज मामलों में कुछ कार्रवाई हुई है, लेकिन राजस्थान सहित कई राज्यों में अब भी छात्रों पर एफआईआर दर्ज की जा रही हैं और उन्हें प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है।

इन्हीं मुद्दों को लेकर सीजेपी नेताओं ने राकेश टिकैत से समर्थन मांगा। संगठन का कहना है कि यदि छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो किसान संगठनों और युवा समूहों के सहयोग से देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। सीजेपी का दावा है कि यह अभियान शिक्षा, रोजगार और किसानों से जुड़े मुद्दों को एक साथ उठाने का प्रयास होगा।

गौरतलब है कि जंतर-मंतर पर चले छात्र आंदोलन के दौरान भी राकेश टिकैत कई बार प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे थे और छात्रों के समर्थन में अपनी एकजुटता व्यक्त की थी। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच हुई यह बैठक छात्र और किसान संगठनों के संभावित संयुक्त अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम मानी जा रही है। हालांकि, सरकार की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## सैमसंग के नए फोल्डेबल स्मार्टफोनों ने बनाया रिकॉर्ड, 72 घंटे में 2.71 लाख प्री-ऑर्डर

रांची (एजेंसी)। सैमसंग के आठवीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 ने भारत में प्री-ऑर्डर का नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अनुसार 22 जुलाई को लॉन्च के बाद महज 72 घंटे के भीतर इन तीनों स्मार्टफोनों के लिए 2.71 लाख से अधिक प्री-ऑर्डर दर्ज किए गए।

पिछले वर्ष कंपनी को इतनी बुकिंग हासिल करने में 15 दिन लगे थे। कंपनी ने बताया कि कुल प्री-ऑर्डर में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी टियर-2 और उससे छोटे शहरों की रही, जो फोल्डेबल स्मार्टफोन की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। सैमसंग का मानना है कि यह तकनीक अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छोटे शहरों के उपभोक्ता भी इसे तेजी से अपना रहे हैं। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि नई गैलेक्सी जेड सीरीज को मिली शानदार प्रतिक्रिया भारत में आधुनिक तकनीक और गैलेक्सी एआई आधारित फीचर्स की बढ़ती मांग को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इन स्मार्टफोनों का निर्माण भारत में किया गया है और इनके विकास में भारतीय अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गैलेक्सी जेड फोल्ड8 को उपयोगकताओं की मल्टीटास्किंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

इसमें बड़ी मुख्य स्क्रीन के साथ बेहतर पढ़ने, गेमिंग, वीडियो देखने और एक साथ कई कार्य करने का अनुभव मिलता है। मात्र 201 ग्राम वजन वाला यह अब तक का सबसे हल्का गैलेक्सी फोल्ड स्मार्टफोन है। फोन में स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन-5 प्रोसेसर, 4800 एमएएच बैटरी, नई फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक, 3000 निट्स तक की ब्राइटनेस और कम रिफ्लेक्शन वाली डिस्प्ले दी गई है।

वहीं फोटोग्राफी के लिए इसमें दो 50 मेगापिक्सल कैमरे दिए गए हैं, जो बेहतर फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग का अनुभव प्रदान करते हैं। ग्राहक 30 महीने तक शून्य डाउन पेमेंट और बिना ब्याज वाली ईएमआई सुविधा के साथ गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 की बुकिंग कर सकते हैं।

## केंद्र सरकार राजनीतिक हित के लिए सुप्रीम कोर्ट का इस्तेमाल न करेः सीजेपी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ता सौरव दास ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाया हैं। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट का इस्तेमाल नहीं कर सकती और न ही अदालत के आदेशों को अपने फायदे के लिए हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। सौरव दास ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर और सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

सीजेपी प्रवक्ता दास ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के संबंध में देश के सामने साफ सार्वजनिक वादा किया गया था, जिसका सम्मान होना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि शांतिपूर्ण आंदोलन में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर तुरंत वापस ली जाएं और अपने आश्वासनों पर अमल करे। सीजेपी प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि यदि कोई वास्तविक अपराधी खुलेआम घूम रहा है, तब पुलिस को कानूनी प्रक्रिया के तहत अदालत का रुख करना चाहिए, लेकिन इसतरह के मामलों को आधार बनाकर सभी एफआईआर को आगे बढ़ाना गलत है। उनके अनुसार, इससे शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जा सकता है और सरकार को मिली इस तरह की छूट भविष्य में दुरुपयोग का कारण बन सकती है।

सौरव दास ने कहा कि युवाओं को यह स्थिति स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल छात्र और युवा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठा रहे थे और उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। सीजेपी उन सभी प्रदर्शनकारियों के साथ मजबूती से खड़ी है, जिन्होंने अपने और देश के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन में हिस्सा लिया। उन्होंने सरकार से प्रदर्शनकारियों से किए गए सार्वजनिक वादों को पूरा करने और एफआईआर वापस लेने सहित सभी आश्वासनों को लागू करने की अपील की, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर युवाओं में असंतोष और बढ़ सकता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902